



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

वर्ष- 15 अंक - 04 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 16 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

## खास - खबर



### ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी टी20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे मुकाबले

**मुंबई ।** क्रिकेट को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किए जाने के फैसले पर मुहर लग चुकी है। 2028 के लॉस एंजिलस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी द्वारा क्रिकेट को लॉस एंजिलस ओलंपिक में शामिल करने पर मुहर लगा दी गई है। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख के नेतृत्व में सोमवार को मुंबई में हुई बैठक में इस पर अंतिम फैसला किया गया। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था। यानी 128 साल बाद इसकी ओलंपिक में वापसी होगी। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में क्रिकेट समेत पांच खेलों को शामिल करने के फैसले पर मुहर लगाई गई। इनमें क्रिकेट के अलावा बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लेक्रोस समेत पांच नए खेलों को शामिल करने लॉस एंजिलस आयोजकों के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। इसको लेकर प्रस्ताव पहले ही पास हो चुका था। हालांकि, सभी नए खेलों को 2028 खेलों में जगह सुनिश्चित करने के लिए आईओसी सदस्यता द्वारा मत हासिल करने की आवश्यकता थी। सोमवार को आधिकारिक रूप से पांचों नए खेलों को शामिल कर लिया गया।

## सर्वे रिपोर्ट आई खराब, सीएम ने चेताया फिर भी नहीं सुधरे

# अब 20 से 25 विधायकों को 'बॉय-बॉय' करेगी कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** पहले चरण में 30 प्रत्याशियों की घोषणा करने वाली कांग्रेस ने अपने 8 विधायकों के टिकट काटे हैं। लेकिन खबर सिर्फ इतनी ही नहीं है। उच्चस्तरीय सूत्रों के जरिए जो जानकारियां सामने आ रही है, वह और भी ज्यादा चौंकाने वाली है। दरअसल, कांग्रेस इस बार अपने 20 से 25 विधायकों के टिकट काटने जा रही है। अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर अब तक के कांग्रेस के इतिहास में यह पहली बार होने जा रहा है, क्योंकि आमतौर पर यह पार्टी अपने विधायकों के टिकट नहीं काटती है। पार्टी के लोगों को दूसरी सूची का इंतजार है। यह सूची 18 से 20 अक्टूबर के बीच कभी भी आ सकती है। 17 अक्टूबर को सीईसी की बैठक में दूसरी सूची फायनल हो जाने की बातें कही गई है।

करीब 6 महीने पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इशारा किया था कि प्रदेश में बहुत सारे विधायकों का परफारमेंस खराब पाया गया है। ऐसे विधायकों को अपना परफारमेंस सुधारने की नसीहत भी उन्होंने दी थी। लेकिन विधायकों ने इससे सबक नहीं लिया। इसके बाद दोबारा सीएम भूपेश ने चेताया था कि यदि विधायक नहीं सुधरे तो उनके टिकट काटे जा सकते हैं। अब पार्टी ऐसे विधायकों के खिलाफ कड़े फैसले लेने जा रही है। पहले चरण में 8 विधायकों को टाटा-टाटा, बॉय-बॉय कर दिया गया है। बताते हैं कि दूसरी सूची में ऐसे विधायकों की संख्या और ज्यादा होगी। पार्टी के जानकारों का कहना है कि संभवत: दूसरी सूची ही अंतिम भी हो, लेकिन यह तय नहीं है। हो सकता है कि कुछेक सीटों पर नाम रोक लिए जाएं। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कल बताया कि सीईसी की बैठक दिल्ली में 17 अक्टूबर को होने जा रही है। इसके बाद 18 से 20 अक्टूबर के बीच दूसरी जारी कर दी जाएगी। वहीं प्रदेश के गृहमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता ताम्रध्वज साहू ने भी साफ तौर पर कहा कि अभी और भी कई विधायकों के टिकट कटेंगे। स्थितियां-परिस्थितियां इशारा कर रही है कि कांग्रेस कड़े और बड़े फैसले लेने के लिए पूरी तरह है। हालांकि पार्टी के लिए इतने सारे विधायकों के टिकट काटने आसान नहीं होगा।




### नाराजगी फैलने का जोखिम

बड़ी संख्या में विधायकों के टिकट काटना कांग्रेस के लिए जोखिम भरा कदम भी हो सकता है। क्योंकि इससे क्षेत्र में नाराजगी फैलने का खतरा है। जिन विधायकों के टिकट काटे जाएंगे, वे समर्पण और निष्ठा के साथ काम कर पाएंगे, ऐसा भी संभव नहीं है। इसके अलावा जिन विधायकों के टिकट काटे जाएंगे, उनके विधायक भी खुलकर पार्टी और प्रत्याशी के लिए काम करने से बचेंगे। ऐसे में नए चेहरों पर दांव लगाने से भीतरघात और खुलाघात का खतरा बरकरार रहेगा। इसका असर सीधे नतीजों पर भी दिख सकता है। कांग्रेस ने कई स्तरों पर सर्वे करवाया था। वहीं शीर्ष संगठन ने भी अपने स्तर पर सर्वे करवाया। इन सबकी रिपोर्ट को सामने रखकर ही टिकट वितरण किया गया है और आगे भी किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, सीएम की चेतावनी के बाद कई विधायकों ने क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ाई और विकास के काम भी करवाए, लेकिन ज्यादातर विधायक सत्ता-सुख भोगने में ही मशगूल रहे। टिकट वितरण की प्रक्रिया से कुछ पहले जो अंतिम सर्वे की रिपोर्ट आई थी, उसमें भी कई विधायकों की स्थिति खराब पाई गई थी और स्पष्ट कहा गया गया कि यदि इन विधायकों को टिकट दी जाती है तो पार्टी के लिए मुश्किल हो सकती है।

### पार्टी-हित में जो बेहतर हो, सब मंजूर

पहली सूची जारी करने के पहले आलाकमान के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कई दौर की बैठकें हुई। इस दौरान सर्वे की रिपोर्ट को सामने रखकर सीएम भूपेश से सला-मशविरा किया गया था। दरअसल, 2018 के चुनाव में भूपेश बघेल और उनकी टीम द्वारा तैयार सूची के ही आधार पर हाईकमान ने टिकट बांटी थी। जाहिर है कि जिन विधायकों का परफारमेंस कमजोर पाया गया, वे ज्यादातर सीएम भूपेश के ही करीबी हैं। ऐसे में आलाकमान ने खुले तौर पर चर्चा की थी। सीएम भूपेश बघेल ने हाईकमान के समक्ष कहा कि पार्टी हित में जो भी निर्णय लिया जाएगा, उन्हें स्वीकार है। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि भूपेश बघेल अपने कई खास समर्थकों को टिकट दिलवाने में सफल रहे हैं। इन नामों का खुलासा अगली सूची में हो सकता है। इस बार के टिकट वितरण में भाजपा ने एससी-एसटी से लेकर पिछड़ा वर्ग तक का भरपूर ख्याल रखा है। यह बड़ा दाँव है। कांग्रेस की सूची पर यदि पुनर्विचार की नौबत आई है तो इसकी सबसे बड़ी वजह भी यही है। बताते हैं कि कई सीटों पर कांग्रेस को भी नए सिरे से सोचना पड़ा है। सीईसी की अगली बैठक में जातीय व सामाजिक समीकरणों पर और ज्यादा मंथन होने की संभावना है।

### दोनों ही दलों में दिखे बगावती तेवर

भले ही कांग्रेस ने अभी सिर्फ 30 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं, लेकिन जिन विधायकों के टिकट काटे गए हैं, वहां बगावत की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। कमोबेश ऐसी ही स्थिति भाजपा में भी है। टिकट के दावेदार रहे कई नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने ताल ठोंक दी है। हालांकि प्रत्येक चुनाव में इस तरह की स्थितियां निर्मित होती है और नाराज लोगों को मना भी लिया जाता है। छत्तीसगढ़ में निर्दलीय को चुनाव जितवाने की परंपरा को मतदाताओं ने कभी महत्व नहीं दिया है। इसलिए पार्टी नेताओं की बात न मानने के बाद भी चुनाव लड़ने पर आमादा नेताओं को ज्यादातर पराजय का ही मुंह देखना पड़ा है। फिर चाहे अपनी ही पार्टी के वोट काटकर वे जीत-हार को तय करने में निर्णायक भूमिका निभा जाते हैं। सरकार बनाने को लेकर जो कुछेक सर्वे सामने आए हैं, उसमें दोनों दलों के बीच ज्यादा वोटों का अंतर नहीं बताया गया है। ऐसे में बगावती नेताओं की मौजूदगी से सत्ता का गणित गड़बड़ा सकता है।

# कांग्रेस के सॉफ्ट हिंदुत्व पर भाजपा का ट्रंप कार्ड!

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

भिलाई। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 नवंबर को 20 सीटों पर और 17 नवंबर को बाकी बची हुई 70 सीटों पर मतदान होना है। उम्मीदवारों की घोषणा के मामले में भाजपा कांग्रेस से कहीं आगे निकल गई है। भाजपा छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधान सभा के लिए अब तक अपने उम्मीदवारों की दो लिस्ट जारी कर चुकी है और इन दोनों लिस्ट को मिलाकर भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए कुल 85 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अब तक कर चुकी है।



भाजपा ने पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के फॉर्मूले को अपनाते हुए अपने दिग्गज नेताओं, केंद्रीय मंत्री और सांसदों को विधायकी के चुनाव में उतार दिया है। पार्टी ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को राजनंदगांव विधान सभा सीट से, प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव को लोरमी से और केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर-सोनहत से उम्मीदवार घोषित करने के साथ ही दिग्गज सांसदों को भी लड़ाई के मैदान में उतार दिया है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय मंत्री तक को विधायकी के चुनाव में उतार देने वाली भाजपा ने एक चुनावी रणनीति के तहत इस बार किसी को भी मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाया है।

दरअसल, छत्तीसगढ़ राज्य पांच संभागों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर में बंटा हुआ है। रायपुर संभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 5 जिले और राज्य की 20 विधान सभा सीटें आती हैं, वहीं बिलासपुर संभाग में 8 जिले और विधान सभा की 24 सीटें, दुर्ग संभाग में 7 जिले 20 सीटें, सरगुजा संभाग में 6 जिले 14 सीटें और बस्तर संभाग में राज्य का 7 जिला और विधानसभा की 12 सीटें आती हैं।

### ट्रंप कार्ड होंगे पीएम मोदी

दरअसल, सॉफ्ट हिंदुत्व के रास्ते पर चल रहे भूपेश बघेल को घेरने के लिए भाजपा सामूहिक नेतृत्व के आधार पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा का सबसे बड़ा ट्रंप कार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं इसलिए पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान भी नरेंद्र मोदी का ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम इस तरीके से लगा रही है कि वो सभी 90 सीटें कवर कर सके। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार को चुनाव में हरा कर सत्ता से बाहर करने के मिशन में जुटी भाजपा ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का अधिक से अधिक चुनावी लाभ हासिल करने की योजना बड़े पैमाने पर बना ली है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ के सभी पांच संभागों में रैलियां कर राज्य की सभी 90 विधान सभा सीटों के वोटरों को साधने की कोशिश करेंगे। हालांकि, जरूरत पड़ने पर प्रधानमंत्री की जनसभाओं की संख्या को बढ़ाया भी जा सकता है।

### ये नेता भी करेंगे आक्रामक प्रचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भूपेश बघेल के सॉफ्ट हिंदुत्व की काट में आक्रामक चुनाव प्रचार कर मजबूत संगठन के बल पर लोगों को लुभाने की कोशिश करते नजर आएंगे। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जो भाजपा अपने लिए मान कर चल रही है और जिसे जोर-शोर से भाजपा के सारे नेता उठा रहे हैं, वह भ्रष्टाचार का मामला है। भाजपा ने तो बाकायदा छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी कर सीएम बघेल पर अनगिनत घपलों और घोटाले का आरोप लगाया हुआ है जिसे लेकर भाजपा वोटरों के घर-घर जाकर उन्हें लुभाने की कोशिश कर रहे हैं।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली और पंढेर को किया दोषमुक्त

**इलाहाबाद( एजेंसी )।** हाईकोर्ट ने निठारी कांड के आरोपी मनिंदर सिंह पंढेर व सुरिंदर कोली को फांसी की सजा के खिलाफ अपीलों पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। फांसी की सजा के खिलाफ दोनों हाईकोर्ट में अपील दायर की है। विभिन्न खंडपीठों ने 134 दिन की लंबी सुनवाई की। कोली पर आरोप है कि वह पंढेर कोठी का केयरटेकर था और लड़कियों को लालच देकर कोठी में लाता था।



### एक दर्जन से अधिक मामलों में मिली है फांसी की सजा

नोएडा के चर्चित निठारी कांड में निचली अदालत से कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। यह प्रकरण वर्ष 2005-06 के बीच का है। मामले का पर्दाफाश तब शुरू हुआ, जब नौकरी की तलाश में घर से निकली एक युवती के पिता ने बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दर्ज कराई। पुलिस की जांच में दिल दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया था। पुलिस ने निठारी में रहने वाले मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से बच्चों और महिलाओं के दर्जनों कंकाल बरामद किए गए थे। पुलिस ने मोनिंदर सिंह और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को आरोपी बनाया था। पुलिस की विवेचना के बीच ही मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया। सीबीआई ने दोनों के खिलाफ कुल 16 मामले दर्ज किए थे।

### अफगानिस्तान से हारा इंग्लैंड

# राशीद-मुजीब के सामने 215 रनों पर ढेर हुई इंग्लिश टीम

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** विश्व कप के 13वें संस्करण का पहला उलटफेर अफगानिस्तान ने कर दिया। उसने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गत विजेता इंग्लैंड को हराकर बड़ी जीत हासिल की। अफगान टीम ने मैच को 69 रन से अपने नाम किया। 2015 विश्व कप के बाद टूर्नामेंट में उसकी यह पहली जीत है। वहीं, इंग्लैंड को भारतीय जमीन पर 12 साल में दूसरी बार उलटफेर का शिकार होना पड़ा है।

इससे पहले 2011 विश्व कप में बंगलूरू में उसे आयरलैंड ने हराकर उलटफेर किया था। अफगानिस्तान ने विश्व कप में पहली बार किसी टेस्ट खेलने वाले देश को हराया है। इससे पहले उसने 2015 में स्कॉटलैंड को हराया था। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान की टीम ने 49.5 ओवर में 284 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को जीत के लिए 285 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन उसकी पूरी टीम 40.3 ओवर में 215 रन पर ऑलआउट हो गई।



अफगानिस्तान के लिए उसके स्पिन गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। अनुभवी राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं, ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी ने दो विकेट अपने नाम किए। राशिद, मुजीब और नबी ने मिलकर इंग्लैंड की कमर तोड़ दी। फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने एक-एक विकेट लिया। इंग्लैंड की पारी का 10वां विकेट राशिद खान ने लिया। उन्होंने 41वें ओवर की तीसरी गेंद पर मार्क वुड को क्लीन बोल्ड कर दिया। वुड ने 22 गेंद पर 18 रन बनाए। रीस टॉप्ली 15 रन बनाकर नाबाद रहे।

इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए। उन्हें छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। डेविड मलान ने 32, आदिल रशीद ने 20, मार्क वुड ने 18, रीस टॉप्ली ने नाबाद 15 और जो रूट ने 11 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन और सैम करन ने 10-10 रन बनाए। कप्तान जोस बटलर और क्रिस वोक्स ने नौ-नौ रन बनाए। ओपनर जॉनी बेयरस्टो दो रन बनाकर आउट हुए।

## महादेव ऐप : भाजपा को आपत्ति किससे है

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हेतु मतदान के प्रथम चरण को एक माह से भी कम का समय रह गया है। इधर एक बार फिर से महादेव ऐप पर बहस शुरू हो गई है। राज्य सरकार जहां यह पूछ रही है कि केन्द्र इस ऐप को प्रतिबंधित क्यों नहीं कर देती तो वहीं भाजपा आरोप लगा रही है कि भूपेश सरकार इसके आरोपियों को संरक्षण दे रही है। यही नहीं आरोप यह भी है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कई करीबी इस धंधे में संलिप्त हैं। समझ में यह नहीं आ रहा है कि महादेव ऐप के सिलसिले में आपत्ति किस बात को लेकर है। यदि आपत्ति ऑनलाइन सट्टे को लेकर है तो यह सट्टा पूरे देश में खेला जा रहा है। इसके पैनल देश के कई राज्यों में धड़ल्ले से चल रहे हैं। यह उन दर्जनों ऐप में से एक है जिस पर बेटिंग की जाती है। जहां तक ऐप्स को बैन करने का सवाल है तो सीधे-सीधे केन्द्र सरकार का मामला है। सरकार ने इसी साल मई में कुछ ऐप्स को बैन किया था। कथित तौर पर इन ऐप्स का संचालन पाकिस्तान से किया जाता था और उनका इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के संचालन के लिये भी किया जाता था। इससे पहले अप्रैल में केन्द्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऑनलाइन बेटिंग-गेमिंग एप्स को लेकर नए गाइडलाइन्स जारी किये थे। इन्हें सीधे-सीधे बैन नहीं किया गया था बल्कि इस मामले को सेल्फरेगुलेटरी ऑर्गेनाइजेशन (एसआरओ) के हवाले कर दिया गया था। एसआरओ को यह तय करने का अधिकार है कि कौन सा ऐप गेमिंग का है और कौन सा ऐप सट्टेबाजी का। दोनों के बीच एक मामूली सा फर्क है। गेमिंग ऐप में रकम जीतने के लिए स्किल का उपयोग करना होता है जबकि सट्टेबाजी में केवल दांव लगाने होते हैं। ऐसे कई एसआरओ का गठन किया जाना था। किसी भी एसआरओ ने अब तक महादेव ऐप को बैन नहीं किया है। महादेव ऐप को लेकर देश के कई शहरों में पुलिस और ईडी ने छापेमारी की है जिसमें मुम्बई की फिल्म इंडस्ट्री, कोलकाता के बड़े हवाला कारोबारी शामिल हैं। देश के अनेक राज्यों में ईडी महादेव ऐप से जुड़े लोगों की घेराबंदी कर रही है। छत्तीसगढ़ पर ज्यादा फोकस इसलिए कि इस ऐप के संचालक सौरभ चन्द्राकर और रवि उप्पल दोनों भिलाई शहर से हैं। यहां उनके सर्वाधिक रिश्तेदार और परिचितों का होना स्वाभाविक है। समझ में यह नहीं आता कि भाजपा को तकलीफ किस बात पर है। क्या वह इसलिए तिलमिलाई हुई है कि ईडी पूरी ताकत लगाने के बाद भी सिवा रकम जब्त करने के ज्यादा कुछ नहीं कर पाई है? या उसकी खीझ अपनी ही केन्द्र सरकार के खिलाफ है कि जो ऐप को बैन नहीं कर रही है? वैसे ज्यादातर लोगों को तकलीफ इस बात से है कि कल का जूस फैक्ट्री संचालक हजारों करोड़ का आसामी बन गया है।




## संपादकीय

### भड़कता युद्ध

इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध लगातार तेज होता चला जा रहा है। जिस तरह से हमास को समर्थन मिला है और जिस प्रकार से इजरायल की आक्रामकता के पक्ष में कुछ महाशक्तियां खड़ी हो गई हैं, उससे पूरी दुनिया में चिंता की लहर दौड़ रही है। सांप्रदायिकता अपने नए उबाल पर है। इंसानियत को मानो दोनों पक्ष भूल चुके हैं। बर्बरता की जो त्रासद कथाएं पश्चिम एशिया से आ रही हैं, उन्हें सुनकर कोई भी संवदेनशील इंसान रो पड़ेगा। अगर हमास निंदनीय है, तो इजरायल भी कोई प्रशंसनीय कार्य नहीं कर रहा है। तेल अवीव या इजरायल बार-बार कह रहा है कि फिलिस्तीन उत्तरी गाजा को खाली कर दें, ताकि वहां हमास के आतंकियों का सफाया किया जा सके। इजरायल की यह मांग अनुचित है, जिसका विरोध विश्व स्तर पर होना चाहिए। लगभग 11 लाख लोग अपना घर-बार-काम छोड़कर कहां चले जाएंगे? क्या यह अन्याय और अत्याचार नहीं है? यह इस दौर की बेहद शर्मनाक घटना है और संयुक्त राष्ट्र ने भी पुष्टि कर दी है कि उत्तरी गाजा पट्टी से दक्षिण की ओर बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है। भारत में अपराधियों के घर पर भी बुलडोजर चलता है, तो मानवता का प्रश्न खड़ा किया जाता है, जबकि इजरायल एक बड़े इलाके को पूरी तरह से खाली करवा रहा है, ताकि उसे ध्वस्त कर सके। उत्तरी गाजा में क्या केवल आतंकी रहते हैं? आतंकियों को सजा देने का एक मजबूत तर्क बनता है, पर आम लोगों के साथ अन्याय का क्या आधार है? अंत तो आतंकियों का होना चाहिए, उत्तरी गाजा को तबाह करके आखिर क्या हासिल हो जाएगा? जमीनी हकीकत यह है कि गाजा में पांच लाख से ज्यादा लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र ने विस्थापितों को आश्रय देने के लिए इंतजाम किए हैं, पर क्या यह कोई समाधान है? आंकड़े बताते हैं कि उत्तरी गाजा में इजरायल की बड़ी कार्रवाई से पहले ही लगभग 1,53,000 लोगों के घर नष्ट हो गए हैं। इनको कौन घर बनाकर देगा? इनका भविष्य क्या होगा? क्या ये लोग कभी लौट पाएंगे? इजरायल को कुछ संवेदना के साथ विचार करना चाहिए। वह सिर्फबल के दम पर अपने लिए अमन-चैन की व्यवस्था नहीं कर पाएगा। उसे आम फिलिस्तीनियों के हित में सोचने की नई शुरुआत करनी पड़ेगी। यह त्रासद है कि 7 अक्टूबर को हुए हमले के बाद इजरायल अभी तक 2,300 से ज्यादा फिलिस्तीनियों को मार चुका है, इनमें कितने हमास के आतंकी होंगे, इजरायल को जरूर देखना चाहिए। जहां तक हमास द्वारा की गई हिंसा का सवाल है, इसका तार्किक जवाब अरब के किसी विद्वान के पास नहीं होगा। हमास के आतंकियों ने कितनी बड़ी तैयारी के साथ हमला किया है, इसका अंदाजा सिर्फइसी से लगाया जा सकता है कि आठ दिन की जंग में 1,300 से ज्यादा इजरायलियों की जान गई है। इजरायली औरतों और बच्चों को पहली बार इतनी निर्ममता से मारा जा रहा है। उनके शरीर पर यातना, बलात्कार और अन्य जघन्य अत्याचार के जो निशान मिल रहे हैं, उन्हें मिटाना और भूल जाना आसान नहीं होगा। कभी न कभी संयुक्त राष्ट्र को यह फैसला करना पड़ेगा कि सभ्य होती दुनिया में आतंकियों के लिए रत्ती भर भी जगह नहीं होनी चाहिए। आतंकवाद हमें केवल नर्क या नर्क जैसे हालात की ओर ले जाएगा। विश्व के तमाम इलाके केवल आधिकारिक शासन के अधीन होने चाहिए और हर शासन को विश्व के तय मानवीय नियम-कायदों का पालन करना चाहिए।

> इजरायल को कुछ संवेदना के साथ विचार करना चाहिए। वह सिर्फबल के दम पर अपने लिए अमन-चैन की व्यवस्था नहीं कर पाएगा। उसे आम फिलिस्तीनियों के हित में सोचने की नई शुरुआत करनी पड़ेगी। यह त्रासद है कि 7 अक्टूबर को हुए हमले के बाद इजरायल अभी तक 2,300 से ज्यादा फिलिस्तीनियों को मार चुका है, इनमें कितने हमास के आतंकी होंगे, इजरायल को जरूर देखना चाहिए।

## एक जैसा मानदंड अपनाइए

एक बिजनेस अखबार ने अपने पहले पेज पर प्रमुखता से एक ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो सामान्य दिनों में खबर मानी भी नहीं जाती। भूमंडलीकरण के बाद के दौर में विभिन्न देशों की कंपनियों में अन्य देशों के बैंकों या कंपनियों का निवेश एक आम चलन है। इसके बावजूद इस रिपोर्ट ने ध्यान खींचा, तो उसकी वजह मौजूदा संदर्भ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की किन कंपनियों में अभी भी हजारों करोड़ रुपए का चीन के केंद्रीय बैंक- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) का निवेश है। इन कंपनियों में इन्फोसिस, आईसीसीआईसी बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, मारुति सुजूकी, एशियन पेन्ट्स आदि शामिल हैं। यह विवरण ठीक उस समय आया है, जब वेबसाइट न्यूजक्लिक पर ऐसा अनुदान लेने के मामले में यूएपीए जैसे सख्त कानून के तहत कार्रवाई की गई है, जिसमें चीनी धन होने का भी संदेह है। यह तथ्य भी जरूर स्पष्ट कर लेना चाहिए कि भारत में मीडिया कारोबार में विदेशी धन आना भी अब प्रतिबंधित नहीं है।

न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसने एक ऐसे श्रीलंकाई मूल के अमेरिकी उद्योगपति की संस्था से चंदा लिया, जिसका कारोबार चीन में भी है और जो वामपंथी विचार वाले मीडिया संस्थानों की कई देशों में मदद करता है। इसलिए यह इल्जाम लगाया गया है कि न्यूजक्लिक चीन के प्रचार-तंत्र का हिस्सा है। ये सारे आरोप अभी न्यायिक कार्यवाही में साबित होने हैं। लेकिन यह मुद्दा अभी हमारे सामने है कि अगर चीनी धन हर रूप में भारत के हितों के खिलाफ है, तो आखिर उन बड़ी कंपनियों में पीबीओसी के निवेश को अब तक क्यों इजाजत मिली हुई है? भारत सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि चीन को वह भारत का प्रतिद्वंद्वी मानती है या शत्रु। अगर शत्रु मानती है, तो फिर बेशक उसके साथ तमाम तरह के संबंध और संवाद तोड़ लिए जाने चाहिए। लेकिन चीन से रिश्ता के मामले में अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग मानदंड अपनाना समस्याग्रस्त है। इससे ना तो चीन की चुनौती का ठीक से मुकाबला किया सकेगा, और ना ही न्यूजक्लिक जैसे मामलों में सरकार की कार्रवाइयों की साख बन सकेगी।

## पांच राज्यों में सबसे बड़े प्रचारक योगी!

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में वैसे तो अभी तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ही कमान संभाल रहे हैं लेकिन प्रचार शुरू होने पर योगी आदित्यनाथ सबसे बड़े प्रचार हो सकते हैं। पांच राज्यों में सिर्फ एक राज्य मध्य प्रदेश है, जहां भाजपा के स्थानीय नेता खास कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनाव की कमान संभालते दिख रहे हैं। बाकी सभी राज्यों में केंद्रीय नेतृत्व ही चुनाव लड़ रहा है। जीत-हार दोनों ही स्थितियों के लिए मोदी और शाह ने अपने को दांव पर लगाया है। लेकिन प्रचार में उनके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का बड़ा रोल होना है।

बताया जा रहा है कि भाजपा की ओर से प्रचार की जो रणनीति बन रही है उसमें योगी आदित्यनाथ की बड़ी भूमिका तय की जा रही है। उत्तर प्रदेश से सटे मध्य प्रदेश के इलाकों में तो वैसे भी उनकी भूमिका होनी थी। लेकिन उससे बाहर भी पूरे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उनकी सबसे ज्यादा सभाएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं तेलंगाना में भी उनकी रैलियों की तैयारी हो रही है। यह भी कहा जा रहा है कि सभी चुनावी राज्यों से उनकी रैली की मांग पार्टी के पास आई हुई है।

> “ पिछले साल की शुरुआत में यूक्रेन पर रूस के हमले के कुछ ही समय बाद से हिसाब जोड़ा जाना शुरू हो गया था कि इस लड़ाई से किसे कितना नुकसान हो सकता है? मार्च में विश्व बैंक ने बताया कि यूक्रेन में जो तबाही हुई है, उसकी भरपाई या यूक्रेन को फिर से खड़ा करने के अगले दस साल में करीब 411 अरब डॉलर खर्च करने पड़ेंगे। यह रकम इस लड़ाई से पहले के यूक्रेन की जीडीपी से दोगुना है।

# पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

**काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।**
**पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब।।**

संत कबीर का यह दोहा हरेक के जीवन में कभी न कभी इस्तेमाल होता रहा है, स्कूल में पढ़ाई के वक्त और बाद में बार-बार समय बर्बाद न करने की सलाह के साथ, लेकिन पल में प्रलय के उदाहरण देखने हों, तो फिर किसी बड़े युद्ध के समय देखना चाहिए। जैसे, शनिवार 7 अक्टूबर की सुबह इजरायल की बहुत बड़ी आबादी के लिए ऐसी ही प्रलय लेकर आई। फिलिस्तीन की लड़ाई लड़ रहे इस्लामिक चरमपंथी संगठन हमास ने सूरज उगने से ठीक पहले इजरायल पर जल, थल और नभ से अचानक ऐसे ताबड़तोड़ हमले किए कि न सिर्फ इजरायल, बल्कि पूरी दुनिया हिल उठी। और अब बारी है फिलिस्तीन पर कहर बरपा होने की, यानी अब उसके लिए प्रलय आ गई है। इजरायल ने न सिर्फ फिलिस्तीन के खिलाफ युद्ध का एलान किया है, बल्कि जिन देशों पर भी उसे फिलिस्तीन के साथ होने का शक है, उन सब पर खतरा मंडरा रहा है। इजरायल और फिलिस्तीन की लड़ाई पहले भी बड़े संघर्ष का कारण बनती रही है और इस वक्त दुनिया की सबसे बड़ी चिंता यही है कि हमास ने जो आग लगाई है, वह कहीं बढ़कर पूरे अरब क्षेत्र को या उससे भी बड़े इलाके को चपेट में न ले ले।

चिंता सिर्फउन देशों या इलाकों की नहीं है, जहां तक यह लड़ाई फैल सकती है, बल्कि दुनिया के कोने-कोने में यह हिसाब जोड़ा जाने लगा है कि इस युद्ध की आंच कहीं उन तक तो नहीं पहुंच रही। उत्तर प्रदेश में कानपुर का चमड़ा उद्योग पिछले अनेक दशकों से तरह-तरह की परेशानियों से जूझते हुए किसी तरह अपने पैर जमाने में कामयाब रहा है। कोरोना महामारी के बाद यहां चमड़े का कारोबार काफी रफ्तार से बढ़ रहा था, पर हफ्ते भर से वहां के बड़े व्यापारियों की नींद उड़ी हुई है। युद्ध के चलते उनके ऑर्डर अटक सकते हैं। यही नहीं, समुद्री रास्ते से आपूर्ति में बाधा आई, तो नुकसान और बड़ा हो सकता है। इस इलाके को अलग तरह के आर्थिक प्रलय से गुजरना पड़ सकता है। दरअसल, भारत से सालाना करीब 40 हजार करोड़ रुपये का चमड़े का निर्यात होता है, जिसमें से लगभग 30 प्रतिशत अकेले कानपुर से जाता है, ऐसा दावा यहां के व्यापारी करते हैं।



कानपुर और चमड़ा उद्योग तो सिर्फ एक मिसाल है कि इजरायल की राजधानी तेल अवीव से 4,427 किलोमीटर दूर बसा एक शहर किस तरह इस युद्ध की आंच से तप सकता है। अब सोचिए, दुनिया के कितने हिस्सों में, कितने देशों में, कितने शहरों, गांवों, कारखानों, दुकानों और घरों में यह लड़ाई कितनी बड़ी तबाही ला सकती है? टीवी पर भले ही यह युद्ध किसी को आतिशबाजी जैसा लगे, पर उससे दुनिया में लाखों घरों के चूल्हे बुझने का खतरा है?

पिछले साल की शुरुआत में यूक्रेन पर रूस के हमले के कुछ ही समय बाद से हिसाब जोड़ा जाना शुरू हो गया था कि इस लड़ाई से किसे कितना नुकसान हो सकता है? मार्च में विश्व बैंक ने बताया कि यूक्रेन में जो तबाही हुई है, उसकी भरपाई या यूक्रेन को फिर से खड़ा करने के अगले दस साल में करीब 411 अरब डॉलर खर्च करने पड़ेंगे। यह रकम इस लड़ाई से पहले के यूक्रेन की जीडीपी से दोगुना है।

उधर कीव विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इस लड़ाई में जो सड़कें, पुल और इमारतें तबाह हुईं, उनको दोबारा बनाने का खर्च ही 143.8 अरब डॉलर होगा। इसी दौर में यूक्रेन के भीतर बेहद गरीबी में फंसे लोगों की गिनती 10 करोड़ से बढ़कर करीब 70 करोड़ हो गई। आंकड़े जुटाना मुश्किल है, फिर भी अंदाजा है कि यूक्रेन के भीतर ही 50 लाख से ज्यादा लोगों को अपने घर बार छोड़कर भागना पड़ा और बासठ लाख से ज्यादा लोग तो सरहद पार कर दूसरे देशों में शरण मांगने को मजबूर हो चुके हैं। उधर रूस के लिए भी यह खामख्याली काफी महंगी पड़ रही है कि वह आसानी से यूक्रेन को कुचल देगा।

लड़ाई की शुरुआत में रूस ने यूक्रेन के जितने हिस्से पर कब्जा कर लिया था, उसमें से काफी जमीन वापस यूक्रेन के कब्जे में चली गई है, यानी उसने उन जमीनों को वापस हासिल कर लिया है। रूस इस लड़ाई पर क्या खर्च कर रहा है, वह तो गोपनीय सरकारी रहस्य है, लेकिन यह तो सामने है कि पिछले साल नवंबर में रूस की अर्थव्यवस्था मंदी में चली गई थी और यूक्रेन के साथ-साथ रूस को भी आर्थिक मोर्चे पर तगड़ा झटका लगा है।

यूक्रेन के युद्ध से शायद अर्थशास्त्री और विशेषज्ञों ने भी सबक सीख लिया, जिसका इस्तेमाल वह हमास और इजरायल की ताजा लड़ाई में कर रहे हैं। रैंड इंटरनेशनल ने बाकायदा इस युद्ध से हुए या हो रहे नुकसान का हिसाब लगाने के लिए एक ऑनलाइन कैलकुलेटर बना रखा है। अभी उस संस्था के अनुमान के अनुसार, इजरायल को करीब 90 करोड़ डॉलर और फिलिस्तीन को लगभग 80 करोड़ डॉलर का सीधे नुकसान दिख रहा है। इस लड़ाई की वजह से उनके हाथ से जो मौके फिसल जाएंगे, उससे इजरायल को 2,270 करोड़ डॉलर और फिलिस्तीन को 640 करोड़ डॉलर का नुकसान होगा। यही नहीं, फिलिस्तीन को शरणार्थियों के चलते भी 250 करोड़ डॉलर का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

नुकसान का किस्सा यहीं खत्म नहीं होता है। यूक्रेन की लड़ाई के बाद से पूरी दुनिया में महंगाई का उबाल दिख रहा है। कीमत पश्चिमी यूरोप की जनता ने चुकाई, जहां महंगाई एकदम सुरसा की तरह बढ़ती ही चली गई। स्थितियां कुछ संभल ही रही थीं कि पश्चिम एशिया में हमास ने धमाका कर दिया। अब कच्चे तेल की आपूर्ति रुकने, कीमतें बढ़ने और उससे दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर खतरा ज्यादा मंडराने लगा है। भारत जैसे देश के लिए भी यह चिंता की वजह है। जिस दौर में भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में बड़ी भागीदारी निभाने की तरफ बढ़ रहा है, तब अर्थतंत्र को लगनेवाला कोई भी झटका हमारे लिए उतनी ही बड़ी परेशानी भी खड़ी कर सकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# एआई तकनीक से क्या नया धर्म भी बन सकता है

जसप्रीत बिंद्रा, तकनीक विशेषज्ञ

मैं पिछले महीने देश के एक प्रतिष्ठित स्कूल में छात्रों व शिक्षकों से जेनरेटिव एआई (उत्पादक कृत्रिम बुद्धिमत्ता) पर बात कर रहा था। वहां पूछे गए एक सवाल ने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया। प्रश्न था, धार्मिक और वैचारिक आधार पर बंटी इस दुनिया में क्या एआई तकनीक हमें कोई ऐसा नया धर्म बनाने में मदद कर सकती है, जिसमें सबकी आस्था हो? यह किसी भी बुद्धिमत्ता के लिए एक ऊंचा लक्ष्य है, भले ही वह कृत्रिम ही क्यों न हो, लेकिन क्या एआई से उन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाना चाहिए, जिनसे मानव ने हार मान ली है, जैसे- वैश्विक गरमी, वैश्विक भूख और धार्मिक विभाजन?

इस मामले में कई अलग तरह के प्रयास होते रहे हैं। सन् 1582 में मुगल बादशाह अकबर ने एक नए मजहब 'दीन-ए-इलाही' को शुरू किया था। बहाइयों ने इस्लाम, ईसाई व अन्य धर्मों के तत्वों को जोड़ने का प्रयास किया। यूनिटेरियन यूनिवर्सलिज्म धार्मिक विविधता की वकालत करती थी।



थियॉसोफी और सिख धर्म में भी ऐसा ही था। इनके पवित्र ग्रंथ में हिंदू, इस्लाम और कबीर के दोहों के तत्व हैं। जाहिर है, तकनीक और धर्म एक असरकारी कॉकटेल हो सकता है, जिसे एआई तकनीक और अधिक मादक बना सकती है। चैटजीपीटी जैसे एलएलएम के आगमन ने उद्यमियों को धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या करने के लिए एआई का उपयोग करने को प्रेरित किया है। इसमें हिंदू धर्म की भगवद्गीता सबकी पसंदीदा बनकर उभरी है। सुकारु साई विनीत ने गीताजीपीटी बनाया है और सैम्यौ गर्ग ने भगवद्गीता डॉट आईओ। गीताजीपीटी उपयोगकर्ताओं को गीता से जुड़े सवाल पूछने की और उससे अपने जीवन की समस्याओं को हल करने की सुविधा देता है। इसी तरह, एक अन्य मजहब में, कुरानजीपीटी और हदीसजीपीटी को यह दिखाने के लक्ष्य के साथ बनाया गया कि इस्लाम शांति, प्रेम और भाईचारे की सीख देता है। ईसाई धर्म के लिए बाइबिलचैट, तो सिख धर्म में ग्रंथ साहिब के लिए जीपीटीसाहिब बनाया गया है।

एआई से न सिर्फ धार्मिक ग्रंथों के लिए चैटबॉट बनाया जा रहा है, बल्कि धार्मिक विद्वान व धर्मगुरु यह भी पता लगा रहे हैं कि इस नई तकनीक का किस तरह उपयोग किया जाए? गार्जियन की रिपोर्ट कहती है कि रब्बी जोशुआ फ्रैंकलिन चैटजीपीटी का उपयोग करके आत्मीयता और अति-संवेदनशीलता पर 1,000 शब्दों का उपदेश तैयार कर रहे हैं। फाइनेंशियल टाइम्स क्यूम सेमिनरी के बारे में बताता है, जो यह देखने के लिए काम कर रहा है कि एआई को उनके मजहब के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है। 'एशराघ क्रिएटिविटी ऐंड इनोवेशन हाउस' के प्रमुख मोहम्मद घोटबी कहते हैं, रोबोट वरिष्ठ मौलवियों की जगह नहीं ले सकते, लेकिन वे एक भरोसमंद सहायक हो सकते हैं, जो उन्हें 50 दिनों के बजाय पांच घंटे में फतवा जारी करने में मदद कर सकते हैं। संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने दो ताकतवर एलएलएम बनाए हैं, जो सीधे तौर पर तो मजहब से नहीं जुड़े, लेकिन अरब संस्कृति व मूल्यों को समेटे हुए हैं, जो बहुत कुछ मजहब के करीब हैं। सुकारु मानते हैं कि आजकल अकेलपान एक महामारी है और लोग अपने एकाकीपन के समाधान के लिए गीताजीपीटी अपना रहे हैं। संभवतः धर्म के बड़े उद्देश्यों में एक यह भी था कि लोग चर्चों, मंदिरों, मस्जिदों में न केवल प्रार्थना के लिए आएं, बल्कि सामुदायिक संबंध और रिश्ते बनाने के लिए भी जुटें।

तो, क्या एआई तकनीक आदर्श रूप में धर्म तैयार कर सकती है? युवल हरारी इससे सहमत हैं। उनके मुताबिक, हजारों सालों से धर्मोपदेशक समाज को नया आकार देने के लिए भाषा और कथ्य का उपयोग करते रहे हैं, और हम यह जानते हैं कि जेनरेटिव एआई भी भाषा पर ही आधारित है। वास्तव में, यहां 'थीटा नॉयर' पहले से है, जो खुद को नया धर्म कहता है। जो भी हो, मेरा यही मानना है कि जैसे ही हम इन बॉट्स को बनाएं, तो हमें यही मालूम हो कि वे प्यार, भाईचारे और मानवता की सेवा को व्यक्त कर रहे हैं। संभवतः एआई तकनीक ऐसा मत बना सकती है, जिसमें मानवता शामिल हो। इससे यह अपना सर्वोच्च लक्ष्य हासिल कर लेगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# फिलिस्तीन पर कोई चर्चा नहीं!

श्रुति व्यास

फिलिस्तीन कई दशकों से चर्चा, तर्क-वितर्क-कुतर्क और बहस-मुबाहिसे में रहे हैं। पर फिलिस्तीनियों के संघर्ष की चर्चाओं में उनकी तकलीफों और अवहेलना को आम तौर पर नजरअंदाज किया जाता रहा हैं। हाल के सालों में इजराइल की विस्तारवादी उपनिवेशवादी नीतियों में फिलिस्तीनियों के हितों की बहुत अनदेखी हुई है। इस साल की शुरूआत से ही इजराइल ने फिलिस्तीन इलाके वेस्ट बैंक को व्यावहारिक दृष्टि से अपना हिस्सा बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी थी। इजराइली, फिलिस्तीन की भूमि पर बसाए गए हैं। उनके द्वारा फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। इजरायली अधिकारियों का रूख कड़ा होता गया हैं। लेकिन दुनिया में इस सबको इसलिए नजरअंदाज किया गया क्योंकि इजराइल, अंतर्राष्ट्रीय नैरेटिव को नियंत्रित करने में हमेशा से प्रभावी रहा है।

दूसरा इलाका गाजा एक छोटा-सा क्षेत्र है जिसमें 22 लाख फिलिस्तीनी रहते हैं। सन् 2007 में हमास द्वारा गाजा पर नियंत्रण स्थापित करने के बाद हुए पांच सैन्य टकरावों में से हर एक के बाद वहां के लोगों का जीवनस्तर बेहतर बनाने की बातें तो हुईं किंतु अंततः इस बारे में कुछ भी नहीं किया गया। और हाल में इजराइल द्वारा येरुशलम के अल-अक्सा मस्जिद के परिसर में यथास्थिति को बदलने के जो प्रयास किए गए, उनसे फिलिस्तीनियों के मन में यह डर बैठ गया कि इस परिसर को विभाजित या पूर्णतः नष्ट किया जा सकता है। इस मुद्दे पर मात्र फिलिस्तीनियों में ही नहीं बल्कि अरब प्रायद्वीप और पूरी दुनिया के मुसलमानों की संवेदनशीलता है। तभी हमास ने 7 अक्टूबर की कार्यवाही को 'अल-अक्सा हरीकेन' का नाम दिया।



सवाल है ज़मीन और पहचान से जुड़ी खून-खराबे भरी लड़ाई शुरू कैसे हुई? यह सब शुरू हुआ होलोकास्ट के बाद। ध्यान रहे उसके बाद ब्रिटेन की इजाजत से फिलिस्तीन में यहूदी आप्रवासियों के आने का सिलसिला तेज हुआ था। इसके पीछे वजह थी यूरोप में तेजी पकड़ता यहूदी-विरोधी माहौल और बढ़ता यहूदी राष्ट्रीय आंदोलन, जिसे यहूदीवाद का नाम दिया गया। सन् 1947 में फिलिस्तीनियों और यहूदीवादी सशस्त्र बलों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया, जिसके चलते (तब) नवगठित संयुक्त राष्ट्रसंघ ने फिलिस्तीन का विभाजन कर अलग-अलग यहूदी और अरब राष्ट्र के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव के अंतर्गत येरुशलम, जिस पर दोनों पक्ष दावा कर रहे थे, अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण में रहना था। यहूदियों को यह प्रस्ताव मंजूर था किंतु अरब राष्ट्रों ने इसे नामंजूर कर दिया। दोनों पक्षों के बीच हिंसक टकराव बढ़ते गए और संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा सुझाया गया हल कभी लागू न हो सका। सन् 1947-48 के युद्ध में, जिसके नतीजे में इजराइल अस्तित्व में आया, फिलिस्तीनियों को बड़ी संख्या में पलायन के लिए मजबूर किया गया या वे स्वयं ही चले गए। सैकड़ों गांव नष्ट कर दिए गए। और तब से लेकर आज तक टकराव जारी है। इजराइलियों की हर पीढ़ी, मध्यपूर्व में अपनी सर्वोच्चता कायम करने और सबसे शक्तिशाली बने रहने के लिए कमर कसकर सैनिक बनती रही है।

इजराइल की दादागिरी के नतीजे में पहला फिलिस्तीनी इन्तेफादा (अरबी शब्द, जिसका अर्थ होता है विद्रोह) सन् 1987 में हुआ। यह इजराइल के लिए एक झटका था और इसकी पृष्ठभूमि में सन् 1994 के ओस्लो शांति समझौते हुए। दोनों ओर के अतिवादियों ने समझौते को नाकाम करने की पूरी कोशिश की। हमास और एक अन्य अतिवादी संगठन इस्लामिक जिहाद ने आत्मघाती बम विस्फोटों का एक सिलसिला शुरू किया, जिसके जवाब में इजराइल ने और कठोर सुरक्षा उपाय किए, जिनमें गाजा पट्टी पर और ज्यादा पाबंदियां लादना शामिल था।

दूसरा इन्तेफादा सन् 2000 में कैम्प डेविड में हुई शांति वार्ता के असफल होने का नतीजा था, जिसमें बंदूकों और बमों का जम कर इस्तेमाल हुआ। इजराइल द्वारा सन् 2000 में लेबनान से और सन् 2005 में गाजा से (यासेर अराफात की मृत्यु के बाद) एकतरफा कार्यवाही करते हुए पीछे हट जाने के बाद भी शांति स्थापित नहीं हुई। इजराइल ने हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ अनेक लड़ाईयां कीं और इन दोनों ने इजराइल पर बड़ी संख्या में राकेटों से हमले किये।

क्षेत्र में शांति कायम न हो सकी और जबरदस्त तबाही हुई, विशेषकर फिलिस्तीनीयों की। ओस्लो समझौते की असफलता का नतीजा और बदतर कब्जे के रूप में सामने आया। इसमें शामिल था खून खराबा, आंतरिक विभाजन, बसने वालों को उनकी भूमि से बेदखल किया जाना और जमीन का छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट जाना। फिलिस्तीनी अरब देशों में शरणार्थियों के रूप में, हमास के नियंत्रण वाली गाजा पट्टी की खुली जेल में, और वेस्ट बैंक में राष्ट्रवादी फतह गुट द्वारा संचालित अलग-सलग स्वायत्त इलाकों में, येरुशलम में इजराइल के उपेक्षित 'निवासियों के रूप में और इजराइल की 1967 के पहले की सीमाओं पर समानता के संघर्षरत दोयम दर्जे के नागरिकों के तौर पर रहने को बाध्य हुए। सभी युद्धों और टकरावों ने फिलिस्तीन के लोगों की अपनी जमीन को वापस पाने की छटपटाहट और इजरायली कट्टरता को बढ़ाया और धर्म और राष्ट्रवाद का विस्फोटक मिश्रण तैयार कर दिया। इजराइल ने नाकाबंदी कर फिलिस्तीनी समुदाय को विखंडित कर दिया है। इजरायली और धनी, और ताकतवर होते चले गए, और फिलिस्तीनी कष्ट और अशांति भुगतते रहे। आंकड़ों के अनुसार, दूसरे इन्तेफादा, जो सितंबर 2000 में प्रारंभ हुआ और दूसरे गाजा युद्ध की समाप्ति, जो अगस्त 2014 में हुई, के बीच के 15 सालों में औसतन हर साल 800 फिलिस्तीनी लोगों ने जानें गंवाई।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### गरियाबंद जेल में किया गया मलेरिया डेंगू हैपेटाइटिस जांच

**गरियाबंद।** राज्य के जेलों को मलेरिया डेंगू मुक्त जेल बनाने के उद्देश्य से सभी जेलों में मलेरियल,डेंगू हैपेटाइटिस के साथ एचआईवी की जांच तक किया जा रहा है ,साथ ही बदलते मौसम होने के कारण जेल में निरुद्ध बन्दियों के साथ जेल स्टॉप का विभिन्न स्वास्थ जांच गरियाबंद जिला स्वास्थ्य अधिकारी के सी उरांव और ब्लाक स्वाथ्य अधिकारी बी बारा के निर्देश में किया गया।ज्ञात हो कि गरियाबंद जेल में निरुद्ध 190 बन्दियों में से जेल परिसर में 16 बन्दियों का एचआईवी जांच किया गया।गया ही कि राज्य शासन द्वारा जेल में निरूद्ध बन्दियों के स्वाथ्य परीक्षण समय समय पर किया जाता है,ताकि उनकी सेहत ठीक रहे।इसी तरह गरियाबंद जेल में बन्द 190 कैदियों में नए 16 नए निरुद्ध बन्दीयो का एचआईवी जांच किया गया।ये जांच राज्य शासन के निर्देश में पूरे राज्य के जेल में नए बन्दियों का किया जाना है,जिसमे पूरे राज्य के 33 जेल शामिल है।आज गरियाबंद जेल स्टॉप व जेल में निरुद्ध 62 बन्दियों को हैपेटाइटिस बी वैक्सीन का टीका लगाया गया। इसके अलावा जेल स्टाप और बन्दियों का मलेरियल,डेंगू और हैपेटाइटिस जांच किया गया,इस जांच में सभी स्टाप व बन्दियों का रिपोर्ट निगेटिव पाए।इस जांच के दौरान सीएस देवेन्द नाग,स्टाप नर्स यूलिका देवांगन,,देविकि भंडारकर,कविता जगत,कुश साहू,मितानीन सरिता सेन, रंजीता पटेल व जेल अधीक्षक हितेंद्र सिंह ठाकुर,भरत दीवान कमलनारायन ध्रुव,जसवंत मिंज, तालेश्वर राजवाड़े,संतराम साहू,अर्जुन ठाकुर,महेन्द साहु जयप्रकाश सिंग ,कुंजलाल सिन्हा,कमल नारायण ध्रुव,नानकेश्वर के साथ अन्य कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने की चाक-चौबंद व्यवस्थाः नवरात्रि पर असंख्य भक्तों को उठाईगिरों की हरकतों से बचाने की चुनौती

**कोरबा।** शारदेय नवरात्रि एवं दशहरा त्योहार को देखते हुए अंचल के प्रसिद्ध आराध्य मंदिर सर्वमंगला में रोजाना हजारों के दर्शकों के पूजन-अर्चन करने के लिए उनके पहुंचने के दौरान वहां चैन स्नेचिंग एवं उठाईगिर की होने वाली घटनाओं का सामना न करना पड़े इसलिए इस बार वहां व्यापक पैमाने पर पुलिस की चाक-चौबंद चप्पे-चप्पे व्यवस्था की गई है। सर्वमंगला मंदिर में वैसे तो चैत्र नवरात्रि के दौरान भी व्यापक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। लेकिन शारदेय नवरात्रि के दौरान यहां श्रद्धालुओं का आवागमन कुछ ज्यादा ही रहता है। यहां तक कि इस दौरान यहां लाखों लोग पूजन अर्चन में पूरे नौ दिनों तक आवागमन करते रहते हैं। इसी वजह से यहां मेला जैसा भी माहौल बना रहता है। इस दौरान विशेष रूप से झारखंड एवं नागपुर तथा सरहदी जिले जांजगीर के अकलतरी तथा जशपुर जिले के पत्थलगांव कापू क्षेत्र से आने वाले उठाईगिरों एवं चैन स्नेचिंग करने वाले गिरोह भी अपने दिखावे के लघु व्यवसाय के नाम से इस मेला में शामिल हो जाते हैं और मौका पाते ही इनके गिरोह की पुरुष सदस्य चैन स्नेचिंग तथा महिलाएं उठाईगिरी की वारदातों को पलक झपकते ही अंजाम दिया जाता है। बताया जाता है कि इसी वजह से इस बार वहां पर व्यापक पैमाने पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। नए एसपी शुक्ला के मार्गदर्शन में दर्री सीएसपी रॉबिंसन गुरिया के निर्देशन में कुसमुंडा टीआई कृष्ण कुमार वर्मा भी अपने मातहतों के साथ बराबर वहां पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते रहते हैं। अपने डेढ़ दर्जन मातहतों के साथ वहां तडके से लेकर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के आवागमन होते तक बराबर पैनी नजर रखते हुए लोगों की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात देखे जा रहे हैं।

# अभिजीत मुहूर्त में जगमगाई 40 हजार से ज्यादा मनोकामना जोत, देवी मंदिरों में सुबह से रात तक भक्तों का लगा तांता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** पद्म योग के संयोग में रविवार को नवरात्र का शुभारंभ हुआ। देवी मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त में माता की प्रतिमा का अभिषेक करके सोने के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। विधिवत मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना करके अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.36 से 12.24 के मध्य महाजोत प्रज्वलित की गई। महाजोत से जोत लेकर हजारों श्रद्धालुओं की मनोकामना जोत के प्रज्वलन का सिलसिला शाम तक चलता रहा।



पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर में प्रधान बैगा और प्रधान पुजारी के सान्निध्य में एक बालिका का हाथ लगवाने की रस्म निभाकर जोत प्रज्वलित कराने की परंपरा निभाई गई। शंकराचार्य आश्रम के मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर, कुशालपुर के दंतेश्वरी मंदिर, ब्राह्मण के कंकाली मंदिर, अमीनपारा के शीतला मंदिर समेत अनेक देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने स्वयं जोत प्रज्वलित की। मंदिरों में सुबह से रात तक भक्ति उल्लास छाया रहा। देवी मंदिरों के अलावा अनेक श्रद्धालुओं ने अपने घर पर माता के त्रिशूल की छाप बनाकर घट स्थापना की। जोत प्रज्वलित करने से पहले जंवारा बोने की रस्म निभाई। महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि मंदिर में 100 से अधिक वर्षों से चकमक पत्थर को रगड़कर उससे निकलने वाली चिंगारी से महाजोत का प्रज्वलन करने की परंपरा निभाई जा रही है। मंदिर में एक छोटी सी बालिका के हाथों महाजोत प्रज्वलित की गई। इसके पश्चात शाम तक 10 हजार से अधिक मनोकामना जोत प्रज्वलित की जाती रही।

शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी ब्रह्मचारी डा. इंदुभवानंद ने बताया कि ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा मंदिर की स्थापना की थी। मंदिर में पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी का श्री विग्रह स्फटिक मणि से निर्मित है, जो विश्व का अद्वितीय विग्रह है। स्फटिक मणि से मूर्ति बनाना अत्यंत कठिन काम है। शंकराचार्य महाराज के 20 वर्ष के प्रयास के बाद यह मूर्ति बनकर तैयार हुई थी। स्फटिक मणि की मूर्ति के दर्शन करने से व्यक्ति धन-धान्य से संपन्न हो जाता है। मंदिर में सैकड़ों जोत कलश की स्थापना की गई। प्रतिदिन श्रीयंत्र का नवावरण पूजन संपन्न होगा। कमल से अर्चन होगा। रतन की पुष्पांजलि दी जाएगी।

## राष्ट्रीय डाक सप्ताह में कर्मियों को किया गया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** प्रधान डाकघर कोरबा में दिनांक 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया गया। दिनांक 09/10/2023 को विश्व डाक दिवस पर प्रधान डाकघर कोरबा परिसर में ग्राहकों को भारतीय डाक की उपलब्ध सेवाओं के बारे में बताया गया। दिनांक 11/10/2023 को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस के रुप मे मनाया गया। इसमें आत्मानंद उच्चमा विद्यालय कोरबा में डाक जीवन बीमा, बचत बैंक योजना, सुकन्या समृध्दि खाते एवं महिला सम्मान खाते के बारे मे प्रचार-प्रसार कर व्यवसाय प्राप्त किया।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह मे कुल 90 खाते, 25 डाक जीवन बीमा, 12480000 रुपये का प्राप्त किया गया। दिनांक 11/10/2023 को फिलाटेली दिवस के अवसर पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में फिलाटेली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें सुयश कौशिक को प्रथम, शुभम कुमार सिंह द्वितीय, रिया तम्बोली तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दिनांक 12/10/2023 को मेल एवं पार्सल दिवस पर स्टॉफ के साथ बीएनपीएल ग्राहको डाकियों एवं मेल प्रभाग में सेमीनार का आयोजन किया गया सेमीनार में बी एन पी एल सुविधाए विदेश पार्सल भेजने, पोस्टमेन मोबाइल एप्पलीकेशन में कार्य करने तथा 100 पत्र वितरण के लिए डाकियो को प्रेरीत किया गया। डाक सप्ताह के अंतिम दिनाक 13 अक्टूबर 2023 को अंत्योदय दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल खरमोरा मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हेमंतो मुखर्जी प्राचार्य के द्वारा डाक विभाग के कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व किया गया। इसमे शाला के सभी विद्यार्थियों एवं स्टॉफ को डाक विभाग के विभिन्न योजनाओं, फिलाटेली टिकट, डाक जीवन बीमा, पासपोर्ट, आधार बनाने के संबंध में डाकपाल विजय दुबे एवं अजय सिदार एम ई द्वारा अवगत कराया गया ।

## आयुक्त ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने अधिकारियों को दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा निर्वाचन 2023 चुनाव के लिये जारी कार्यक्रम पश्चात राजनांदगांव विधानसभा क्र. 75 हेतु सुचारू मतदान के लिये आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज निर्वाचन प्रशिक्षण केन्द्र म्यूनिस्पल स्कूल सहित निगम सीमाक्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने प्र. कार्यपालन अभियंता एवं चुनाव प्रभारी कामना सिंह यादव एवं तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता निर्वाचन प्रशिक्षण के लिये सर्वप्रथम म्यूनिस्पल स्कूल (आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल) का निरीक्षण कर प्रशिक्षण संबंधी जानकारी लेकर प्रशिक्षण के सुचारू क्रियान्वयन के लिये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण के सभी कक्षों में बैठक व्यवस्था के साथ साथ साउण्ड सिस्टम की व्यवस्था करे तथा पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था भी मुहैया करावे, ताकि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो।



निरीक्षण की कडी में आयुक्त श्री गुप्ता मतदान केन्द्र शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय, गुरूनानाक स्कूल, रेवाडीह प्राथमिक शाल, देवानंद जैन स्कूल, रामनगर स्कूल, चिखली सामुदायिक भवन एवं प्राथमिक शाला स्टेशन पारा का जायजा लेकर तकनीकि अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्डो के मतदान केन्द्रों में सुचारू मतदान के लिये आवश्यक व्यवस्था मुहैया करावे, उन्होंने कहा कि जर्जर केन्द्र की तत्काल मरम्मत करावे, जहॉ रैम्प नही है वहॉ रैम्प बनवाये, इसके अलावा बिजली, पानी तथा कुर्सी टेबल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के आस पास साफसफाई की भी समुचित व्यवस्था हो, इसके लिये स्वास्थ्य अधिकारी से सम्पर्क करे। उन्होंने नवीन परिवर्तित मतदान केन्द्र तथा संगवारी मतदान केन्द्र में भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## नि: शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर। हरी लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर के चेयरमेन लीलाधर सुल्तानिया जी के जन्मदिन 16 अक्टूबर के अवसर पर विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं प्रदेश में 10 वी 12वी छ.ग. बोर्ड की प्रवीण सूची में आये जांजगीर-चांपा जिले के छात्र छात्राओं का सम्मान किया जायेगा साथ ही संत गुरूघासीदास चिकित्सालय कात्रे नगर चांपा को 30 केवीए का जनरेटर एवं नवागढ़ लींगेश्वर महादेव मंदिर को वाटर कूलर प्रदान किया।

हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर के सचिव एवं जनसेवक अमर सुल्तानिया ने जानकारी देते हुए बताया संत गुरू घासीदास चिकित्सालय कर्मयोगी स्व. सदाशिव श्री गोविंद राव कात्रे एवं पद्म श्री स्वर्गीय दामोदर गणेश बापट जी की पुण्य स्मृति में धनवंतरी जन कल्याण समिति द्वारा संचालित व वी.वाय. हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया जी के जन्मदिन के अवसर पर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक विशाल नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। स्वास्थ्य शिविर में 20 से ज्यादा डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क ईलाज किया जायेगा सभी बिमारियों के ईलाज के लिए सुप्रसिद्ध स्पेशलिस्ट डॉक्टर डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना (अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन) एम.डी. वी.वाय हास्पिटल रायपुर, डॉ. आनंद जोशी अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन, डॉ. अनिल कर्णावट जनरल सर्जन, डॉ. विमल अग्रवाल स्पाईन सर्जन, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव जनरल सर्जन, डॉ. राजेश अग्रवाल मेडिसिन, डॉ. अनुपमा जोशी नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. पीयू प्रकाश सक्सेना कैंसर विशेषज्ञ, डॉ. सुलभ चन्द्राकर हृदय विशेषज्ञ, डॉ. प्रशांत सिंह पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुनील चौधरी किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ. गरिमा राजीमवाले वेरीकोज वैन विशेषज्ञ, डॉ. सिद्धार्थ साहू न्यूरो सर्जन, डॉ सिद्धार्थ पाटनवार पल्मनोलॉजिस्ट छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ सावेरी सक्सेना स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ शान्तुन वर्मा बच्चों के विशेषज्ञ, डॉ. ओमेश भगत फिजिशियन, डॉ. मोनीष सक्सेना ऑख विशेषज्ञ सहित अनेक अनुभवी डॉक्टर अपनी सेवा देंगे। विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में जरूरतमंदो को नि:शुल्क चश्मा एवं कान की मशीन का वितरण भी किया जाएगा।

पिछले वर्ष हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर के चेयरमेन लीलाधर सुल्तानिया जी ने अपने जन्मदिन पर 10 वी 12वी बोर्ड के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए घोषणा की थी की जांजगीर चाम्पा जिले के जिन छात्र छात्राओं का नाम पूरे प्रदेश में प्रथम आयेगा उसे गोल्ड मेडल से सम्मानित से किया जायेगा एवं जिन छात्र छात्राओं का नाम प्रदेश में प्रवीण्य सूची में आयेगा उसे प्रमाण पत्र एवं 21000 रू. की राशि से सम्मानित किया जायेगा। इसी कड़ी में जांजगीर चाम्पा जिले के छ.ग. 10वी बोर्ड से पूरे प्रदेश में प्रवीण्य सूची में आये रविन्द्र कुमार साहू, सौम्या सिंह, 12 वी बोर्ड से गोविंद माधव मिश्रा, गोविन्द आदित्य, शाहिल कश्यप, रिया पाण्डेय का सुबह 10 बजे संत गुरू घासीदास चिकित्सालय कात्रे नगर (सोठी) चांपा में प्रमाण पत्र एवं 21000 रू. की राशि से सम्मानित किया जायेगा। साथ ही हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर द्वारा संत गुरूघासीदास चिकित्सालय कात्रे नगर चांपा को 30 केवीए का जनरेटर सप्रेम भेंट एवं नवागढ़ लींगेश्वर महादेव मंदिर को वाटर कूलर सप्रेम भेंट दिया जायेगा।

हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला जांजगीर के चेयरमेन लीलाधर सुल्तानिया जी अपने जन्मदिन पर हरसाल जानमानस के लिए जनसेवा के कार्य करते रहते है इसी कड़ी में यह विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आयोजन रखा गया है।

## माँ विंध्यवासिनी के आशीर्वाद से भाजपा प्रत्याशी रंजना ने शुरू किया जनसंपर्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। भारतीय जनता पार्टी के धमतरी विधानसभा की प्रत्याशी रंजना डिपेंद्र साहू ने नवरात्र के पहले दिन माँ विंध्यवासिनी मंदिर पहुंच कर माँ से अपनी जीत का आशीर्वाद लिया एवं प्रचार जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की,प्रत्याशी घोषित होने के बाद यह लगातार दूसरी बार है जब रंजना साहू माँ विंध्यवासिनी की शरण में पहुंची हैं।

भाजपा प्रत्याशी रंजना साहू ने कहा माँ विंध्यवासिनी धमतरी की अधिष्ठात्री देवी है समस्त धमतरीवासियों की आस्था का केंद्र है आज चुनावी जनसंपर्क अभियान को शुरू करने से पहले हमने माँ विंध्यवासिनी के मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया है,निश्चित ही माँ की कृपा धमतरी क्षेत्र के हितों की लड़ाई लड़ने धमतरी के सर्वांगीण विकास करने का हमें अवसर प्रदान करेगी।

उक्त अवसर पर भाजपा प्रत्याशी के साथ भाजपा वरिष्ठ विनोद रणसिंह, पुर्व जनपद अध्यक्ष प्रियंका सिंहा, मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, मंडल महामंत्री अमन राव, राजीव सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू, जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू, जागेश्वरी साहू, राजेंद्र साहू, भुनेश्वर साहू, प्रहलाद साहू, भागी साहू, चंद्रमणी साहू, मीशूराम साहू, लक्ष्मण सोनवानी, धरम साहू, कांता साहू, अमर सिंह पटेल, संतोंष भीमगज, सुदर्शन साहू, गुल्लु निर्मलकर, प्रदीप सिन्हा पंचराम साहू, भीमसेन साहू, उपस्थित रहे।

## कैट एवं चैम्बर ने भगवान अग्रसेन जी की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया - पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट एवं चैम्बर ने भगवान अग्रसेन जी की शोभायात्रा का पुष्पहार से भव्य स्वागत सत्कार कर पूजा अर्चना किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश



अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया की कैट एवं चैम्बर ने भगवान अग्रसेन जी की शोभायात्रा का पुष्पहार से भव्य स्वागत सत्कार कर पूजा अर्चना किया गया।

भगवान अग्रसेन जयंती एक महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार है जो एक महान राजा और अग्रवाल समुदाय में भगवान अग्रसेन के सम्मान में मनाया जाता है। उनकी जयंती, जिसे भगवान अग्रसेन जयंती के नाम से जाना जाता है, बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई जाती है।

अग्रसेन व्यापारियों के शहर अग्रोहा के एक प्रसिद्ध भारतीय राजा थे। वह हिंदू देवता, रामचन्द्र के बड़े बेटे, कुशा के वंशजों में से एक हैं। उन्हें उत्तर भारत में अग्रोहा नामक व्यापारियों के साम्राज्य की स्थापना का श्रेय दिया जाता है, और उन्हें यज्ञों में जानवरों का वध करने से इनकार करने की उनकी दयालुता के लिए जाना जाता है।

इस अवसर पर कैट के पदाधिकारी उपस्थित रहे : अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, विजय पटेल, संजय जादवानी, जयराम कुकरेजा, संजय जैसिंघ, मोहन वर्ल्यानी, दीपक विधानी, रमेश खोडियार, नरेश माखीजा, रौनक पटेल, गिरिश पटेल, मनीष सोनी, आनन्द सराफ पारस दामानी, अमित गुप्ता, भास्कर साहू, (चैम्बर से) उत्तम गोलछा, कन्हैया गुप्ता, जय ननवानी, टी. श्रीनिवास रेडडी, शंकर बजाज, नरेन्द्र हरचंदानी, मनोज जैन, एवं राजेन्द्र खटवानी ।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### उपवास रखने वालों को ट्रेन में फलाहारी-सात्विक भोजन

**रायपुर (ए)।** नवरात्रि में व्रत रखने वाले लोगों को रेलवे ने विशेष सुविधा दी है। अब रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में व्रत रखने वाले यात्रियों को सात्विक और फलाहारी खाना भी मिलेगा। इसके लिए आईआरसीटीसी ने व्यवस्था कर दी है। लोग यात्रा के समय या ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग के दौरान इस तरह का खाना बुक करवा सकते हैं।

आईआरसीटीसी देशभर के 96 रेलवे स्टेशनों में इस तरह की सुविधा दे रहा है। इसमें रायपुर भी शामिल है। रेलवे अफसरों ने बताया कि ट्रेनों में सफर करने वाले लोगों को कम से कम 2 घंटे पहले इस तरह का खाने का ऑर्डर देना होगा। इसे पहले से बनाकर नहीं रखा जाएगा। लोगों के ऑर्डर पर मिलने पर ताजा बनाया जाएगा। ताकि इसमें किसी भी तरह की कोई कमी न हो। आईआरसीटीसी की ओर से इस बार फलाहारी व्यंजनों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। लोगों को इस बार साबूदाने की खिचड़ी, आली की टिक्की, जीरा आलू, साबूदाना बड़ा, फलाहारी चिवड़ा, मलाई बर्फी, दही, लस्सी समेत कई तरह के व्यंजन मिलेंगे।

### सोनडोंगरी में डॉग्स हास्पिटल, एक साथ 250 का कर सकेंगे इलाज

**रायपुर (ए)।** नगर निगम की ओर से सोनडोंगरी में नया डॉग्स अस्पताल बनाया जा रहा है। इसके लिए 1 करोड़ की मंजूरी दी गई है। निर्माण शुरू करने के लिए 50 लाख का फंड जारी कर दिया गया है। अफसरों का दावा है कि छह महीने में नया अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। इस अस्पताल में एक साथ 250 डॉग्स का इलाज हो सकेगा।

रायपुर में इस तरह का अस्पताल पहली बार बन रहा है। इसके लिए ड्राइंग-डिजाइन भी तैयार है। राजधानी में कुत्ते बीमार या घायल हो जाए तो उनके लिए बेहतर इलाज की व्यवस्था नहीं है। निगम के पशु अस्पताल में भी पर्याप्त सुविधाएं नहीं है। कुछ एनजीओ ही हैं जो उनका इलाज प्राइवेट अस्पताल या डॉक्टरों के पास कराते हैं। इसलिए निगम पहला सरकारी डॉग्स अस्पताल तैयार करवा रहा है। यह कुत्तों के ऑपरेशन के लिए ऑपरेशन थियेटर भी बनाया जाएगा। भवन बनने के बाद डॉक्टरों को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी।

### बच्चों को बताया कैसे करें परेशानियों का सामना

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल के शिक्षक बच्चों को खुद की सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बना रहे हैं। रविवार को बच्चों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य मनीष गोवर्धन का कहना है कि खुद की सुरक्षा के लिए बच्चों को तैयार करना है, तो पहला प्रयास स्कूल से ही शुरू करना पड़ेगा। शिक्षिका अराधना लाल ने बताया कि आज के समय बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ समसामायिक जानकारी रहना जरूरी है।

# ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित टीम आरपीएफ ने वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में लगाई दौड़

## महिलाओं के लिए ट्रेनों में सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा देने के लिए आरपीएफ की 25 सदस्यीय टीम ने मैराथन में लिया भाग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित टीम आरपीएफने जन जागरुकता बढ़ाने और सहयोग जुटाने अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 अक्टूबर 2023 को दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया। महिलाओं के लिए ट्रेनों में सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा देने के लिए आरपीएफ की 25 सदस्यीय टीम ने मैराथन में भाग लिया। भारत के विभिन्न हिस्सों और महानिदेशक से लेकर कांस्टेबलों तक विभिन्न रैंकों की मजबूत टीम ने आरपीएफ के अखिल भारतीय चरित्र का प्रतिनिधित्व किया। इस टीम में चार महिला आरपीएफकर्मी भी शामिल थीं, जो आरपीएफ नारीशक्ति के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थीं।

भारतीय रेलवे सार्वजनिक परिवहन के प्राथमिक साधन के रूप में काम करता है, हर दिन ट्रेन से यात्रा करने वाली लगभग 4.5 मिलियन महिलाओं की सुरक्षा देश के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। रेल मंत्रालय के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) महिला रेल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लगन से काम कर रही है। भारत के विशाल रेलवे नेटवर्क पर काम कर रही मेरी सहेली टीमें लंबी दूरी की ट्रेनों




में अकेले यात्रा करने वाली अनगिनत महिलाओं को सहायता और सुरक्षा प्रदान कर रही हैं।

आरपीएफ के लगभग 9 प्रतिशत कर्मियों में महिलाएं शामिल हैं, वे ट्रेनों में और रेलवे परिसर के भीतर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने पुरुष समकक्षों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। 2023 में, आरपीएफ कर्मियों ने चलती ट्रेनों के पास खतरनाक परिस्थितियों से 862 महिलाओं को बचाकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत, उन्होंने 2,898 अकेली लड़कियों को भी बचाया है, जो स्टेशनों और ट्रेनों में खतरे में थीं, और उन्हें किसी नुकसान में पड़ने से रोका गया। इसके अलावा, उन्होंने 51 नाबालिग लड़कियों और 6 महिलाओं को मानव तस्करों के चंगुल से बचाया है। आरपीएफ महिला कर्मियों ने उनकी गोपनीयता और गरिमा का अत्यधिक सम्मान करते हुए, ट्रेन यात्रा के दौरान प्रसव पीड़ा से गुजर रही 130 माताओं की डिलीवरी में सहायता की है। 185,000 से अधिक हेल्पलाइन कॉलों का जवाब देते हुए, आरपीएफ कर्मियों ने यात्रियों के मुद्दों को हल करने के लिए तेजी से काम किया है, विशेष रूप से निराश्रित, अस्वस्थ, बुजुर्गों और विशेष रूप से विकलांग महिलाओं जैसे संकटग्रस्त महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जो भाग्य में नहीं है, वह आशीर्वाद से मिलता हैः प्रवर प्रवीण ऋषि

**रायपुर (ए)।** श्रीपाल मैनासुन्दरी की कथा सुनाते हुए उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कह कि जो हमारे भाग्य में नहीं रहता है, वह आशीर्वाद से मिलता है। जैसे श्रीपाल को मिला। और अपनी खुद की पहचान बनने के लिए वह अपनी माता का आशीर्वाद लेकर अनजानी राहों पर निकल पड़ा। वह सुख सुविधाओं का त्याग कर 12 साल बाद वापस आने का वादा कर राज्य से बाहर चल पड़ता है। वह यह तय करता है कि मुझे क्या करना है और क्या नहीं करना। वह प्रत्याख्यान के साथ प्रतिज्ञा लेता है। उपाध्याय प्रवर ने कहा कि अपने जीवन में हम क्या करना है यह तो तय कर लेते हैं, लेकिन क्या नहीं करना है, ये तय नहीं करते है और फेल हो जाते हैं। अगर हम क्या करना है और क्या नहीं करना है तय कर लें तो जीवन में कोई कठनाई नहीं आएगी। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी। रविवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय प्रवर ने कहा कि श्रीपाल इसी प्रतिज्ञा के साथ आगे बढ़ता है। चलते चलते उसे एक व्यक्ति मिलता है, जो बड़ा दुखी नजर आता है।



किसी का दुःख अनदेखा कर कभी आगे मत बढ़ना। श्रीपाल रूककर उससे पूछता है कि क्या समस्या है? उसने कहा कि वह साधना कर रहा है, लेकिन साधना पूरी नहीं हो रही है। प्रवीण ऋषि ने कहा कि बिना अनुमोदन के साधना पूरी नहीं हो सकती। साधक के पास अनुमोदन देने वाला कोई नहीं था। श्रीपाल ने कहा कि तुम अपनी साधना शुरू करो, जरूर पूरी होगी। यह सुनकर साधक अपनी साधना शुरू करता है। श्रीपाल ने नवकार मंत्र की शक्ति बरसानी शुरू कर दी और उस साधक की साधना पूरी हो गई। उसने शस्त्र हरणी और जलतरणी विद्या को सिद्ध कर लिया था, जिसे उसने श्रीपाल के चरणों में अर्पित कर दी। उसने कहा कि आपकी कृपा से मेरी साधना पूरी हुई है, इस विद्या को मैं आपको समर्पित करता हूं। जिस समय आप दूसरे का काम सुधारते हो, तो भविष्य में तुम्हारा काम सुधरता है। इसके बाद चलते चलते उसे एक और साधक नजर आया। वह रसायन विद्या को साधने का प्रयास कर रहा थे, लेकिन साधना पूरी नहीं हो रही थी। श्रीपाल ने पूछा तो उसने बताया कि वह लोहे को सोना में बदलने वाले रसायन की साधना कर रहा है, लेकिन पूरी नहीं हो रही है। श्रीपाल ने कहा कि तू एक बार फिर प्रयास कर, और वह सफल हो जाता है। साधक अपनी साधना श्रीपाल को देने की जिद करता है लेकिन श्रीपाल कहता है कि तेरा प्रयास है और तेरी साधना है, मैं नहीं ले सकता हूं। लेकिन वह जिद पकड़ लेता है। श्रीपाल उसके आग्रह पर थोड़ा सा सोना लेकर आगे बढ़ जाता है।

# कृषि महाविद्यालय बना ओवर ऑल चैम्पियन

**रायपुर (ए)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर में पूर्वी क्षेत्रीय अन्तर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता 2023 संपन्न हुई। पूर्वी क्षेत्रीय अन्तर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का ओवरऑल चैम्पियन कृषि महाविद्यालय रायपुर रहा एवं रनरअप की ट्राफी कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर को प्राप्त हुई। पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 8 महाविद्यालयों कृषि महाविद्यालय रायपुर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर, कृषि महाविद्यालय भाटापारा, कृषि महाविद्यालय महासमुंद, कृषि महाविद्यालय मर्रा पाटन, कृषि महाविद्यालय गरियाबंद तथा छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय दुर्ग के 253 प्रतिभागी शामिल हुए थे।



समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक शिक्षण डॉ. एसएस सेंगर थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रायपुर डॉ. जीके दास एवं अधिष्ठाता खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डॉ. एके दवे उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा इस अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। पूर्वी क्षेत्रीय अन्तर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया गया था। जिसमें व्यक्तिगत प्रतियोगिता के तहत आयोजित लम्बी कूद प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सुरूची प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर बसंती नेताम रही एवं तृतीय स्थान पर प्रियंका इक्का रहीं।

वहीं बालक वर्ग में लॉरेंस को प्रथम, अमिरूद्दीन अली को द्वितीय एवं अक्षय कुमार ध्रोक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ऊंची कूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कुमारी संगीता को प्रथम, सुश्री संतोषी एक्का को द्वितीय एवं सुश्री राधिका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

वहीं बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर वेदप्रकाश, द्वितीय स्थान पर रूद्रहरी एवं तृतीय स्थान पर विनीत रहे। डिस्क थ्रो प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में यमुना कश्यप प्रथम स्थान पर रही, अनुग्रही टोप्पो द्वितीय एवं अलका लकरा तृतीय स्थान पर रही। वहीं बालक वर्ग में प्रमोद कुमार को प्रथम, जितेन्द्र साहू को द्वितीय स्थान एवं चैन सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# त्योहारों की भीड़ से रायपुर को बचाने बना प्लानः सड़क पर सामान रखने वाले व्यापारियों पर होगा एक्शन, लोगों को मिलेगी अस्थाई पार्किंग

**रायपुर (ए)।** रायपुर में भीड़ से बचने के लिए जिला प्रशासन ने प्लान तैयार किया है। शहर में त्योहारी सीजन की वजह से लगभग सभी सड़कों में भीड़ बढ़ने लगी है। जिसके लिए 7 अलग-अलग बिंदुओं पर रणनीति तैयार की गई है। जिससे परेशानी से बचा जा सके।

नगर निगम के अधिकारी और ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने बाजार में भीड़ और ट्रैफिक के मसले पर रविवार को एक बैठक की। इस बैठक में तय किया गया है कि नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के जॉइंट मिशन के तहत कार्रवाई की जाएगी। रायपुर रेंज की आईजी रतन लाल डांगी और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर अधिकारियों ने यह बैठक की।

### इन सड़कों पर होगा एक्शन

रायपुर के सदर बाजार, मालवीय रोड, बंजारी मार्केट, गोलबाजार, संतोषी नगर बाजार, टिकरापारा, शास्त्री बाजार, पंडरी जैसे हिस्सों में भीड़ दिन ब दिन बढ़ रही है। इन सड़कों पर अभियान चलाकर ट्रैफिक और बाजार की स्थिति को सुधारने का काम किया जाएगा।



इस संयुक्त बैठक में नगर निगम उपायुक्त, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह, सुशांतो बनर्जी, जोन कमिश्नर आर के डोंगरे जोन-2, लोकेश चंद्रवंशी जोन-3, राकेश शर्मा जोन-4, सुशील चौधरी जोन-5, रमेश जायसवाल जोन-6, जसप्रीत बंबरा जोन-7, अरूण ध्रुव जोन-8, संतोष पाण्डेय जोन-9, दिनेश कोसरिया जोन-10 के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अब क्या होगा बदलाव

- जो दुकानदार सड़क पर अपने सामान रखेंगे उन पर कार्रवाई होगी। सामान जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
- ट्रैफिक जाम करने वाले अवैध ठेले खोमचे पर फाइन और जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।
- बाजार में लोगों को गाड़ियों की पार्किंग में समस्या आती है, इसे लेकर तय किया गया है कि जाम की स्थिति से निपटने लोगों को अस्थाई पार्किंग एरिया की सुविधा दी जाएगी।
- शहर के कई हिस्सों पर ट्रैफिक मार्किंग जैसे एज मार्किंग, जेबरा क्रॉसिंग मिट चुकी हैं। इसे फिर से तैयार किया जाएगा।
- सड़कों पर स्ट्रीट लाइट बंद पड़ीं हैं, इन्हें तत्काल ठीक किया जाएगा।
- कुछ चौराहों में लगे ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े हैं, इन्हें शुरू किया जाएगा।
- प्रमुख बाजारों में किसी भी ठेले या ऐसे दुकानदारों को काबिज नहीं होने दिया जाएगा, जिससे ट्रैफिक जाम हो। लगातार कार्रवाई करते हुए ऐसे लोगों को हटाया जाएगा।

# अब बहुओं को मिली घूंघट से आजादी बेटियां ही गाती हैं गीत, बजा रहीं ढोल

**रायपुर (ए)।** देवी आराधना पर्व के साथ ही शहर में गरबा नाइट की शुरुआत भी हो रही है। 20 साल पहले शहर के कुछ ही इलाके थे, जहां गरबा का आयोजन होता था, लेकिन अब शहर में 15 से भी ज्यादा ऐसे गरबा हैं, जो बड़े स्तर पर होते हैं। यहां 6 हजार से भी ज्यादा लोगों की भीड़ हर दिन जुटती है। आज ऐसे ही गरबा आयोजकों से जानते हैं कि पहले और अब के गरबा में क्या बदलाव देखा।

समता कॉलोनी रास गरबा समिति पिछले 32 साल से गरबा का आयोजन कर रही है। संस्था के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल बताते हैं कि समिति सबसे अच्छा और नया करने के लिए जानी जाती है। पहले यहां समता कॉलोनी और आसपास के लोग ही गरबा करने आते थे, लेकिन समय के साथ यहां भीड़ बढ़ती गई और अब भैंसथान मैदान



में 4 एकड़ जमीन में गरबा होने लगा है। इस साल गरबा में कोलकाता से बैंड आ रहा है। एक साथ 3 हजार लोग गरबा खेल पाते हैं। यहां गर्ल्स को फ्री एंट्री दी जाती है। साथ ही बेस्ट परफॉर्मेंस में कई तरह के अवॉर्ड भी दिए जाते हैं।

लोहाणा श्रीगुजराती महाजन समाज के वाइस प्रेसिडेंट हितेश रायचुरा बताते हैं कि बैरन बाजार के आशीर्वाद भवन में पिछले 15 साल से गरबा का आयोजन किया जा रहा है। पहले केवल गरबा होता था, लेकिन अब इसके साथ ही हर 10 मिनट में समाज के बच्चों और सदस्यों के लिए अलग-अलग तरह के कॉम्पिटिशन किए जाते हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# पेट की गर्मी से हैं परेशान?

## राहत के लिए इन चीजों का करें सेवन

आजकल की बिगड़ती जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण पेट संबंधी कई समस्याएं हो जाती हैं। इन्हीं समस्याओं में से एक पेट की गर्मी है, जो अक्सर गर्मी और डिहाइड्रेशन के कारण बढ़ जाती है। इसके कारण मतली, सूजन, पाचन क्रिया में गड़बड़ी जैसी परेशानियां होने लगती हैं। इनसे बचाव के लिए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जिससे शरीर को ठंडक मिले। चलिए फिर आज हेल्थ टिप्स में इसी से जुड़े 5 चीजों के बारे में जानते हैं।

### केला

केला एक बेहद गुणकारी फल है, जो न सिर्फ स्वादिष्ट, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। इसका सेवन पेट की गर्मी से राहत दिलाने और पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार है। इसमें पोटेशियम और फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पेट की सूजन से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके अलावा कच्चे केले का सेवन भी इन शारीरिक समस्याओं से राहत दिलाने में कारगर है।

### छाछ

छाछ का सेवन पेट की जलन को शांत करने में मदद कर सकता है। यह शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा देता है और पेट में जमी वसा को पिघलाने में मदद करता है। रोजाना एक गिलास छाछ के सेवन से डिहाइड्रेशन की समस्या और पेट की गर्मी से राहत मिलती है। यह पेय प्रोबायोटिक्स, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों का एक भी समृद्ध स्रोत है, जो आपके शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है।

### खीरा

पेट की गर्मी शांत करने के लिए खीरा भी एक बढ़िया विकल्प है। इसका सेवन पेट को ठंडा रखता है और कब्ज और पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करता है। इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है इसलिए यह डिहाइड्रेशन के कारण पेट में होने वाली सूजन को रोकने में भी मदद करता है। इसके साथ ही इसे खाने से आप ऊर्जावान भी महसूस करते हैं। खीरे के सेवन से स्वास्थ्य को ये अन्य फायदे भी मिलते हैं।

### नारियल पानी

नारियल का पानी एक ऐसा प्राकृतिक पेय है, जो शरीर को ठंडक देने में मददगार है। यह पोटैशियम, मैंगनीज और अमीनो एसिड सहित खनिजों और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो शरीर में पानी की कमी को पूरा करते हैं। इसमें कैलोरी कम और पोषक तत्वों की मात्रा बहुत होती है, इसलिए यह गर्मी को प्रभावी ढंग से कम करता है और वजन घटाने की प्रक्रिया को भी तेज करता है। नारियल पानी से स्वादिष्ट पेय भी बनाएं।

### दही

दही को प्राकृतिक तरीके से तैयार किया जाता है, जिसके कारण यह स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है।यह प्रोबायोटिक्स से भरपूर होता है, जो पेट के लिए लाभदायक है। इसका सेवन पेट की गर्मी और सूजन की समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है और मल की आवृत्ति में सुधार करता है। आप चाहें तो दही से इन लजीज व्यंजनों को बनाकर भी डाइट में शामिल कर सकते हैं।



# रोमांच के साथ-साथ शानदार व्यायाम है डांडिया, मिल सकते हैं ये स्वास्थ्य लाभ

नवरात्रि का 9 दिवसीय त्योहार पूरे देश में विविध परंपराओं के साथ मनाया जाता है और इनमें से एक गुजरात का लोकनृत्य डांडिया रास भी है। डांडिया में लकड़ी की 2 छड़ियों के साथ पुरुष और महिलाओं का समूह नृत्य करता है। डांडिया रास खेलना एक आनंददायक अनुभव है और यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। आइए जानते हैं कि डांडिया रास में शामिल होने से आपको क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।



### हृदय स्वास्थ्य के लिए है बेहतर

डांडिया की जीवंत धुनों पर नृत्य करना एक प्रभावी हृदय व्यायाम के रूप में कार्य करता है, जो बेहतर रक्त परिसंचरण और कोशिकाओं तक सही तरीके से ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद कर सकता है। यह हृदय गति में सुधार करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ावा देने में भी सहायक है। साथ ही डांडिया रास की मदद से रक्तचाप को नियंत्रित रखना भी आसान है। इसी कारण आगामी नवरात्रि के दौरान डांडिया रास का हिस्सा जरूर बनें।

### कैलोरी जलाने में है कारगर

वर्तमान में अधिकतर लोग मोटापे से जूझ रहे हैं और वह वजन घटाने लिए कई व्यायाम का सहारा लेते हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि वजन घटाने के लिए प्रतिदिन 500 कैलोरी जलाना आवश्यक है। डांडिया रास में भाग लेना भी कैलोरी जलाने का एक आकर्षक तरीका है, जो आपको त्योहारी सीजन के बीच स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद करता है। कैलोरी जलाने के लिए रोजाना ये 5 व्यायाम करें।

### शरीर का लचीलापन बढ़ाने में है सहायक

अमूमन लोग शरीर का लचीलापन बढ़ाने के लिए न जाने कितनी तरह के व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेते हैं। हालांकि, डांडिया शरीर की सभी मांसपेशियों को खींचने और लचीला बनाने का एक शानदार तरीका है, जिससे समय के साथ लचीलेपन में सुधार होता है। इस नृत्य का दोहराव और ऊर्जावान प्रकृति शरीर की सहनशक्ति बढ़ाने में भी सहायक है और इसे एक प्रभावी व्यायाम बनाते हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए है अच्छा

शारीरिक लाभों के अलावा डांडिया सामाजिक संबंधों और समुदाय की भावना को बढ़ावा देता है। साथ ही मानसिक और भावनात्मक कल्याण को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसका कारण है कि यह व्यक्तियों को एक साथ आने और अपनी सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और एकता और खुशी की भावना में योगदान करने की अनुमति देता है। इस तरह से ये आपको तनावमुक्त रखकर मानसिक स्वास्थ्य को फायदा पहुंचाता है।

# सलमान ने शुरू की आर्मी अफसर बनने की तैयारी, अपने लुक में करेंगे खास बदलाव



सलमान खान मौजूदा समय में अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म से अभिनेता का पोस्टर जारी हो चुका है और अब इसका ट्रेलर भी रिलीज होने वाला है। इसी बीच अब अभिनेता की नई फिल्म से जुड़ी जानकारी सामने आई है, जिसमें वह देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आएंगे। फिल्म में सलमान एक आर्मी अफसर की भूमिका निभाने वाले हैं, जिसके लिए वह अपने लुक पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने लंबे अरसे बाद ऐसी फिल्म चुनी है, जिसमें उन्हें अपने लुक को बदलना है। ऐसे में अभिनेता कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और अपने खाने-पीने का खास ध्यान रख रहे हैं।

सूत्र के अनुसार, देशभक्ति से लबरेज इस फिल्म में सलमान का बदलाव वैसा ही होगा, जैसा 2016 में आई उनकी फिल्म सुल्तान में था। अभिनेता अपनी पिछली फिल्मों को मिली प्रतिक्रिया ध्यान में रखकर कुछ नया करने की कोशिश में लगे हैं।

सलमान की इस फिल्म के अलावा बॉलीवुड की कई सारी देशभक्ति से लबरेज फिल्में कतार में हैं। इनमें सबसे पहले कंगना रनौत की फिल्म तेजस 20 अक्टूबर को रिलीज होगी। इसके बाद सैम बहादुर, पिप्पा, ऐ वतन मेरे वतन सहित कई फिल्में आने वाली हैं।


सूत्र के मुताबिक, सलमान की इस फिल्म की कहानी 1988 में मालदीव के तख्तापलट के प्रयास पर आधारित होगी। सूत्र ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने व्यवसायी अब्दुल्ला लुथुफी के नेतृत्व में मालदीव के एक समूह द्वारा सरकार को हटाने के प्रयास को विफल कर दिया था। सलमान इसी ऑपरेशन का नेतृत्व करते दिखाई देंगे। इसके लिए सलमान ने फिल्म कुछ कुछ होता है के 25 साल बाद करण जौहर के साथ हाथ मिलाए हैं।

सूत्र ने बताया कि निर्माता फिल्म में बॉलीवुड के बजाय किसी दक्षिण भारतीय सिनेमा की अभिनेत्री के साथ सलमान की जोड़ी बनाना चाहते हैं। ऐसे में सामंथा रुथ प्रभु का नाम सबसे ऊपर है। निर्देशक विष्णुवर्धन सामंथा को इस फिल्म में लेने के लिए उत्सुक हैं तो करण भी अभिनेत्री के साथ अच्छा रिश्ता साझा करते हैं। ऐसे में सलमान और सामंथा पहली बार साथ नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सलमान टाइगर 3 के बाद करण की फिल्म पर काम शुरू करने वाले हैं, जिसके लुक पर उनकी तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। फिलहाल टीम फिल्म की पटकथा पर काम कर रही है और साथ ही सितारों का चयन किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू हो जाएगी।

# प्रीमियर से पहले मनस्वी ममगई ने छोड़ा बिग बॉस-17

सलमान खान के शो बिग बॉस का नया सीजन 15 अक्टूबर से शुरू हो गया। प्रशंसक शो के नए प्रतिभागियों को लेकर खासा उत्सुक हैं। इसी बीच दर्शकों के लिए एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। बिग बॉस 17 के लिए घर में एंट्री लेने से ऐन पहले मनस्वी ममगई शो में हिस्सा लेने से पीछे हट गई हैं। खबरों के मुताबिक अब मनस्वी की जगह आर्यन खान ड्रग मामले में शामिल वकील सना रईस खान हिस्सा लेंगी।



रिपोर्ट्स के अनुसार मॉडल-अभिनेत्री मनस्वी शो में हिस्सा नहीं ले रही हैं, जबकि वह शो के लिए अपने प्रोमो की भी शूटिंग कर चुकी थीं। गुरुवार को प्रतिभागियों ने शो के लिए अपने प्रोमो की शूटिंग की थी। रविवार से शो का प्रसारण होना है। हालांकि, इसके ठीक पहले मनस्वी ममगई शो से बाहर हो गई हैं। उनके इस तरह अचानक शो छोड़ने का कारण सामने नहीं आया है।

मनस्वी के बाहर होने पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस बारे में ना तो शो की ओर से, ना ही मनस्वी की ओर से कोई बयान जारी किया गया है।चर्चा है कि ऐन मौके पर मनस्वी और निर्माताओं के बीच करार को लेकर अनबन हो गई और वह शो से बाहर हो गई। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि मनस्वी ने स्वास्थ्य कारणों से शो छोड़ा है।

मनस्वी के बाहर होने के बाद लोगों में उत्सुकता थी कि निर्माता अब ऐन मौके पर किस हस्ती को शो में लेकर आएंगे। बिग बॉस से जुड़े एक सोशल मीडिया हैंडल के मुताबिक मनस्वी की जगह वकील सना रईस शो में आ रही हैं। सना 2021 में आर्यन खान ड्रग मामले से भी जुड़ी रही हैं। ऐसे में निर्माता दर्शकों को आकर्षित करने के लिए उनका नाम भुना सकते हैं।

मनस्वी 2010 में मिस इंडिया वर्ल्ड चुनी गई थीं। इसके बाद उन्होंने मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह एक्शन जैक्शन, कट्टी बट्टी जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। वह हाल ही में आई डिज्नी+ हॉटस्टार की वेब सीरीज द ट्रायल में काजोल के साथ नजर आई थीं। मनस्वी चंडीगढ़ में पली-बढ़ी हैं। 15 साल की उम्र तक उन्होंने गायकि, नृत्य और स्केटिंग में करीब 50 ईनाम जीत लिए थे।

इस बार बिग बॉस के इतिहास में पहली बार प्रतियोगियों को घर के अंदर फोन का इस्तेमाल करने की सुविधा मिलेगी। कहा जा रहा है कि ये फोन स्पॉन्सर डील का हिस्सा होगा और प्रतिभागी कुछ चुनौतियों को जीतने के बाद इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

# टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हुई बेकाबू, कराया हॉट फोटोशूट

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी को देखकर ऐसा लगता है कि वक्त के साथ और ज्यादा यंग होती जा रही हैं। पिछले कुछ समय से तो श्वेता की हर अदा ने देशभर के लोगों को दीवाना बना रखा है। उनकी फिटनेस से लेकर, एक्टिंग, स्टाइल और अदाएं हर चीज पर लोग मर मिटते हैं। वहीं, एक्ट्रेस भी लगातार फैंस के साथ अपने एक से एक हॉट लुक्स शेयर कर दिलों की धड़कनें बढ़ा देती हैं। अब फिर से उन्होंने बेहद हॉट अवतार दिखाया है।



श्वेता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गई है। अब उन्होंने अपने नए लुक की झलक दिखाई है। लेटेस्ट फोटोज में एक्ट्रेस रेड ट्यूब ब्लाउज और प्रिंटेड थाई हाई स्लिट स्कर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं। अपने इस लुक को श्वेता ने सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा हुआ है।

श्वेता इस आउटफिट के साथ एक्सेसरीज के तौर पर गले में व्हाइट पर्ल वाला नेकपीस, दोनों हाथों में कंगन और कमरबंध के साथ कैरी किया है। इस लुक में श्वेता बेहद हॉट दिख रही हैं। उन्होंने अपनी अदाएं दिखाते हुए कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं। वहीं, फैंस की नजरें तो उन पर से हट ही नहीं पा रही हैं। दूसरी ओर एक्ट्रेस का कर्वी फिगर लोगों के होश उड़ा रहा है।

### 42 की उम्र में भी बेहद हॉट है श्वेता तिवारी

श्वेता तिवारी का ऐसा अंदाज देख कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि एक्ट्रेस 42 साल की हो चुकी हैं और 2 बच्चों की मां हैं। उनकी बेटी पलक तिवारी ने तो बॉलीवुड में अपना सफर भी शुरू कर दिया है। दूसरी ओर श्वेता भी लगातार कई प्रोजेक्ट्स के साइन कर रही हैं। जल्द ही उन्हें रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में भी देखा जाने वाला है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# खैरागढ़ विश्वविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से गूंजता रहा ऑडिटोरियम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**खैरागढ़। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में स्थापना दिवस समारोह 14 अक्टूबर 2023 को मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता (मोक्षदा) चंद्राकर ने संस्थापक राजा बीरेंद्र बहादुर सिंह, रानी पद्मावती देवी सिंह और राजकुमारी इंदिरा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलपति ने संस्थापक परिवार का स्मरण करते हुए कहा कि उनके त्याग और दूरदर्शिता के कारण यह विश्वविद्यालय आज उपलब्धियों और सफलता के इस स्थान पर है।**



उन्होंने सभी से अपील की, कि इस विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए जिससे जितना संभव हो, उतना योगदान अवश्य दें। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगीत संकाय के विद्यार्थियों ने कुलगीत की प्रस्तुति दी। जिसमें गायन में राहुल चौहान, अजय यादव, श्रेयस नेमाड़, अवनीश गुप्ता, प्रथा रामटेके, सुप्रिया मंडल और ज्योति साहू ने जबकि सरोद पर रोहन मालवीया, वायलिन पर मानस मयंक, तबले पर नेहरू दास महंत, कीबोर्ड पर लक्ष्मीकांत साहू, बांसुरी पर सौरव पटेल, गिटार पर श्रद्धा बिरनवार और हारमोनियम पर विवेक कुमार ने शानदार संगत किया। यह प्रस्तुति विवेक कुमार के निर्देशन में दी गई। प्रो डॉ. राजन यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर श्रुति मंडल कार्यक्रम के अंतर्गत 'स्व. राजकुमारी इंदिरा जी को समर्पित' प्रस्तुतियां दी गईं। इसके अंतर्गत लोकगाथा पंडवानी की प्रस्तुति हर्ष चंद्राकर ने दी, जिसके संगीत पक्ष में जानेश्वर टांडिया, वेद प्रकाश रावटे, टाहल साहू, सूरज ठाकुर, करण ने संगत किया।

इसके बाद जसगीत की प्रस्तुति दी गई, जिसमें प्रीति रात्रे, यामिनी गौतम, शैल कुमारी पटेल, हर्षा साहू, साक्षी, सुमन बेरवंशी, लुभाष पटेल, सुधा, ईशा बघेल ने गायन पक्ष में जबकि संगीत पक्ष में डॉ. बिहारी तारम, डॉ. नत्थू तोड़े, रामचंद्र सर्पे, डॉ. परमानंद पांडे, जानेश्वर टांडिया ने संगत किया।

इस अवसर पर लोक नृत्यों की भी प्रस्तुति दी गई। लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने बैगा, सरहुल और देवार कर्मा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इसमें कविता कुंभकार, प्रीति खलखो, पूर्णिमा राना, पूजा देवांगन, लुकेश्वरी मानिकपुरी, सुमन वर्मा, लक्ष्मी सिन्हा, सरिता यादव, प्रज्ञा परगनिहा, वंदना, अमीषा घोष, निशा ठाकुर, झरना, खुशी वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, रोशन रजक, रिंकू वर्मा, जीनु राम, सिद्धार्थ दिवाकर, सुमित राजपूत, डेरहु, सूरज ठाकुर, खोमन राठौर, आदित्य जैन, तारण निषाद ने नृत्य की प्रस्तुति दी, वहीं यामिनी गौतम, हर्षा साहू, हर्ष चंद्राकर और खिलेश ने गायन में संगत किया। कार्यक्रम का संचालन अमीषा घोष ने, श्रद्धा सुमन वाचन नम्रता अलेंद्र ने किया। इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव प्रो डॉ. काशीनाथ तिवारी, प्रसिद्ध कला मर्मज्ञ और फिल्म डायरेक्टर प्रेम चंद्राकर, समस्त अधिष्ठातागण और विश्वविद्यालय परिवार शामिल हुआ।

# आज आसमान रहेगा साफ, तीन दिनों तक नहीं बदलेगा तापमान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर** । छत्तीसगढ़ से दक्षिण पश्चिम मानसून पूरी तरह से विदा हो चुका है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दिनभर धूप चुभ रही है और सुबह-रात के समय में हवा में थोड़ी ठंडक भी महसूस हो रही है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है और अगले तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

इसके बाद संभवतः तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि उत्तरी छत्तीसगढ़ और पहाड़ी इलाकों में गुलाबी ठंड का अहसास होना शुरू हो गया है। वहीं राजधानी में आकाश सामान्यतः साफरहने के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है। इसी बीच रविवार को राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा और तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस डोंगरगढ़, जबकि न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस कोरिया में दर्ज किया गया।

### अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री तक ज्यादा

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 20 वर्षों की तुलना में अधिकतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। सर्वाधिक अंतर राजनांदगांव के अधिकतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक, जबकि अंबिकापुर में तापमान सामान्य है। वहीं न्यूनतम तापमान के मामले में जगदलपुर में औसत तापमान से एक डिग्री कमी देखने को मिल रही है।

### रायपुर में पारा औसत से तीन डिग्री ज्यादा

रायपुर में सामान्य औसत की तुलना में अधिकतम तापमान तीन डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम औसत से दो डिग्री कम है। वहीं अंबिकापुर में अधिकतम तापमान औसत के आधार पर सामान्य है। यहां अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही तापमान में किसी प्रकार का औसत से अंतर नहीं देखने को मिल रहा है।

## खास खबर

### व्यय प्रेक्षक ने अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा के एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**कांकेर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की अधिसूचना निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दी गयी है। निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए गए व्यय की निगरानी के लिए आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गयी है। इसी क्रम में आज कांकेर जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री संजय कुमार साहू द्वारा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79 अंतर्गत अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा में बने एसएसटी (स्थैतिक निगरानी दल) चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में संधारित पंजियो का निरीक्षण किया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को आयोग के निर्देशानुसार सतर्कता एवं सजगता के साथ वहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की सघन जांच हेतु निर्देशित किया। व्यय प्रेक्षक श्री साहू ने वहां से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन का सघन चेकिंग करने और गतिविधियों पर पैनी निगाह रखने के भी निर्देश तैनात अधिकारियों को दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर अंतागढ़ बी.एस. उइके, अनुविभागीय दंडाधिकारी अंतागढ़ विश्वास कुमार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमर सिदार, खनिज अधिकारी बी. के. चंद्राकर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक: किसी भी तरह का विघ्न नहीं होना चाहिए त्योहार में

**कोरबा।** कोरबा जिले के कटघोरा तहसील में नवरात्रि और चुनाव के मद्देनजर शांति समिति की एक बैठक कटघोरा थाना परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए त्यौहारों को आनन्द पूर्वक मनाएं जाने से जुड़ी जानकारी दी गई। कटघोरा थाना प्रभारी तेजकुमार यादव ने कहा कि इस बार नवरात्रि, दशहरा, दीपावली के साथ निर्वाचन का त्यौहार भी मनाया जाएगा। लेकिन आचार संहिता लागू होने पर इस बार त्यौहारों के उल्लास पर कोई असर नहीं पड़ेगा। केवल कुछ नियमों के साथ हमें यह पर्व मनाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों पर है। आप भी ऐसे तत्वों पर अपनी कड़ी नजर रखें। किसी भी गड़बड़ी की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ऐसे अवांछनीय तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर ने कहा किसी भी पंडाल में किसी भी प्रकार की दिक्कत होती है तो आप सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर अनाधिकृत एवं असामाजिक तत्वों से बचाव हेतु यथा.संभव पण्डाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव समितियों को दिया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों को पण्डाल का निर्माण में विशेष ध्यान रखने एवं सार्वजनिक स्थल रोड को घेरकर नहीं बनाने के लिए कहा गया। डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग धीमें स्वर में प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक करने की बात कही गई। आगे कहा की रात्रि 10 के बजे के पश्चात् ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग करते पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# मुंगेली जिले में तैयारियां तेज दो दिन का हुआ कार्यक्रम, चुनाव प्रशिक्षण की दी गई जानकारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है। बाद आचार संहिता का पालन, विशेष पुलिस अधिकारी की भूमिका, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने एवं मतदान दिवस को क्या करें, क्या न करें के संबध में कोटवारो को ट्रेनिंग दी गई।**

चुनाव के दौरान ग्राम कोटवार विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं, जिसके लिए चुनाव संबंधी उनके कार्यों के संबंध में पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन के निर्देशानुसार, 2 दिवसीय प्रत्येक अनुभाग स्तर ग्राम कोटवारों को संबधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस/पर्यवेक्षण अधिकारी के द्वारा चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें आदर्श आचार संहिता का पालन, विशेष पुलिस अधिकारी की भूमिका, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने एवं मतदान दिवस को क्या करें, क्या न करें इत्यादि के संबंध में बताया गया है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली एस आर धृतलहरे के द्वारा थाना मुंगेली क्षेत्र के 40 कोटवारों, थाना फास्टरपुर क्षेत्र के 46 कोटवारों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं उप पुलिस अधीक्षक लोरमी माधुरी धिरही के द्वारा थाना लोरमी क्षेत्र के 35 कोटवारों तथा लालपुर क्षेत्र के 37 कोटवारों, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल एवम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ठाकुर के द्वारा थाना पथरिया क्षेत्र के 45 कोटवारों तथा थाना जरहागांव क्षेत्र के 19 कोटवारों, उप पुलिस अधीक्षक एम एम मिंज के द्वारा थाना सरगांव क्षेत्र के 40 कोटवारों, उप पुलिस अधीक्षक डी के सिंह के द्वारा थाना चिल्फी एवं डिंडौरी क्षेत्र के कुल 49 ग्राम कोटवारों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगेली आकांक्षा शिक्षा खलखो, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया भरोसा राम ठाकुर अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारी एवम थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षकों ने रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारियों की ली बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे तथा आईआरएस डॉ. ललिता कुमारी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारियों, सहायक व्यय प्रेक्षक, एफएसटी, वीएसटी, एसएसटी, वीवीटी, एमसीएमसी, अन्य एकाउंटिंग टीम एवं मास्टर ट्रेनर्स की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी अमित कुमार उपस्थित रहे।



व्यय प्रेक्षक आईआरएस डॉ. ललिता कुमारी ने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए यह जरूरी है कि सभी टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। आयकर विभाग एवं आबकारी विभाग से इसके संबंध में डेली रिपोर्ट मिलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमा में शराब के अवैध परिवहन एवं नगद राशि के जप्ती की कार्रवाई होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंक भी सजग रहते हुए, संदिग्ध नगद राशि, ट्रांजेक्शन पर नजर रखेंगें। उन्होंने कहा कि उडऩदस्ता दल कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग की टीम के साथ समन्वय करते हुए कार्य करे। सभी टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहनों की चेकिंग होनी चाहिए। सजग एवं सतर्क रहते हुए सभी वाहनों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीडियो निगरानी दल अच्छी तरह से वीडियो बनाएंगे और वीडियो अवलोकन दल बारीके से वीडियो का अवलोकन करेंगी। वीडियो प्रमाण के रूप में महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए अच्छी तरह से वीडियो बनाने के निर्देश दिए। एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करगी। शेडो रजिस्टर, हेलीकाप्टर, स्टार कैपेंनर सहित विभिन्न मुददों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्थैतिक निगरानी दल, उडऩदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल सहित अन्य दल चौकस होकर कार्य करेंगे।

कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया गया है एवं रिहर्सल भी किया गया है। फिल्ड में अच्छे से कार्य करने के लिए सभी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम अच्छी तरह कार्य कर रही है। अंतरराज्यीय बार्डर पर भी शराब के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्य कर रही है। हाल ही में कल्लूबंजारी चेक पोस्ट पर बड़ी मात्रा में 34 लाख रूपए की लागत केनसाड़ी की जप्ती की गई है।

उन्होंने सभी टीम को अच्छी तरह वीडियोग्राफी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अभी तक नाम-निर्देश पत्र जमा नहीं हुए हैं और अब कार्यों में तेजी आएंगी। सभी सजगता के साथ कार्य करेंगे। सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का भी निराकरण किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से संपत्ति विरूपण की कार्रवाई जिले में लगातार जारी है।

संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले के निर्वाचन कार्य के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिले में डोंगरगांव विधानसभा अंतर्गत बोरतलाब एवं बागनदी तथा खुज्जी विधानसभा अंतर्गत चिल्हाटी एवं कल्लूबंजारी चेक पोस्ट है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की सीमा गढ़चिरौली नक्सल क्षेत्र से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी चारों चेक पोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल चौबीस घण्टे निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि डोंगरगांव अंतर्गत बोरतलाब, झिंदजोब, खंमपुरा, बुडानछापर, मांगीखूटा, सीतागोटा, बागनदी तथा खुज्जी विधानसभा अंतर्गत बागनदी, पंडरापानी, बेंदरी, झडीखायरी, गेरीघाट, भकुर्रा, टिपानगढ़ जैसे मतदान केन्द्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है। एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, सी-विजिल, एमसीएमसी टीम, कंट्रोल रूम के संबंध में जानकारी दी।

# बेमेतरा में चुनाव से लेकर उत्सव तक पाबंदी पुलिस अधीक्षक ने बैठक लेकर दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा नवरात्रि पर्व की तैयारी और व्यवस्था को लेकर दुर्गा उत्सव समितियों समेत डीजे संचालकों की शांति समिति की मीटिंग बुलाई गई। जिसमें आगामी त्यौहारों और चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।



जिसमें सडकों पर पंडाल नहीं लगाने, रात्रि 10 बजे के बाद डीजे, धुमाल और तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करने, असामाजिक तत्वों की जानकारी अविलंब थाना में देने, समिति पदाधिकारियों को भी अपनी जानकारी थाने में देने कहा गया तथा साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने इत्यादि समझाईस देकर गांव/शहर की सामाजिक सदभावना को हर हाल में बनाए रखने साथ ही इसके अलावा विभिन्न प्रकार के आयोजनों के लिए अलग से नियमानुसार, अनुमति लेने और आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### इन नियमों का पालन करना होगा

1. आदर्श आचार संहिता में चुनाव आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।
2. दुर्गा पंडाल लगाने के लिये नियमानुसार अनुमति लेनी होगी।
3. किसी प्रकार की रैली जुलूस, शोभा यात्रा, निकालने के पूर्व नियमानुसार अनुमति लेनी होगी।
4. दुर्गा पंडालों व अन्य धार्मिक आयोजन, धार्मिक रैली जुलूसों में किसी प्रकार की राजनीतिक प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। यदि कोई राजनीतिक प्रचार प्रसार करता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पंडाल के पदाधिकारियों की होगी।
5. कोई भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों-डीजे, धुमाल अन्य वाद्य यंत्र को बजाने हेतु नियमानुसार अनुमति लेनी होगी।
7. गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये भी नियमानुसार अलग से अनुमति लेनी होगी।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल हमर छत्तीसगढ़ पार्टी (दल का नाम) के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय पता सुरेन्द्र साहू का भवन, पोस्ट कपसदा, ग्राम पंचायत बोरसी तहसील एवं विकास खण्ड धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) 490042 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है :-

**पार्टी के पदाधिकारियों के नाम व पता:-**

अध्यक्ष : श्रीमती यमला साहू, एमआईजी-सी 334 पद्नाभपुर दुर्ग (छ.ग.)

महासचिव : चिंताराम साहू प्लांट नंबर 937/8 सड़क 3 हिन्द नगर रिसाली भिलाई (छ.ग.)

कोषाध्यक्ष : एस.के.श्रीवास्तव 8बी/सड़क 6 सेक्टर 2, भिलाई (छ.ग.)

यदि किसी को हमर छत्तीसगढ़ पार्टी (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड,नई दिल्ली - 110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेंजे।

( उपरोक्त संदर्भ में 15-16 सितंबर 2023 को हमर छत्तीसगढ़ पार्टी का विज्ञापन पूर्व में छप चुका है।)

# कलेक्टर ने निर्वाचन में प्रतिदिन की गतिविधियां के संबंध में ली बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के सभी रिटर्निंग अधिकारियों, सीईओ, सीएमओ, डीईओ, बीईओ सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभावार किये गए तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। रिटर्निंग अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विधानसभावार चुनाव कार्य संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को दी गई।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# विधानसभा चुनाव को देखते हुए दुर्गोत्सव समितियों को दुर्ग पुलिस का सख्त निर्देश, आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता प्रभावशील है और धारा 144 लागू हैं। इस बीच नवरात्रि पर्व भी शुरू हो चुका है। रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में दुर्ग पुलिस के अफसरों ने शहर के तमाम दुर्गोत्सव समितियों की बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए। आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। दुर्गोत्सव समितियों को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया गया। बैठक में शहर के 125 से ज्यादा दुर्गोत्सव समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग शहर अभिषेक झा ने की। इस दौरान उन्होंने दुर्गोत्सव समितियों से कहा कि चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता प्रभावशील है। इसके कारण दुर्गोत्सव के दौरान कई नियमों का ध्यान रखना अनिवार्य है। आयोजन के लिये अनुमति से लेकर ध्वनिविस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के नियमानुसार ही किए जाने का निर्देश दिया गया। रात 10 से सुबह 6 बजे तक दुर्गोत्सव कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान डीजे का इस्तेमाल भी नहीं किया जा सकेगा।

### अवैध पार्किंग की शिकायत पर होगी कार्रवाई

बैठक में बताया कि पार्किंग के रूप में अवैध वसूली करने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पंडाल व वाहन पार्किंग स्थल पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने,



प्रतिमा एवं पण्डाल की सुरक्षा की सम्पूर्ण जवाबदारी आयोजन समिति की होगी। सुरक्षा के लिए पण्डाल में अनिवार्य रूप से वालेंटियर नियुक्त करने तथा आयोजन स्थल पर वालेंटियर नहीं रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित होने की स्थिति में सम्पूर्ण जवाबदारी आयोजकों की होगी। यही नहीं प्रत्येक वालेंटियर का सत्यापन भी अनिवार्य है।

### राजनैतिक प्रचार प्रसार पर भी रखनी होगी नजर

बैठक के दौरान आयोजकों को बताया कि कहीं भी राजनैतिक प्रचार प्रसार नहीं किया जाना है। सड़क पर वाहन पार्किग न किया जाए। पृथक से वाहन पार्किंग की व्यवस्था किया जाए। पंडाल में पुरुषों एवं बच्चों, महिलाओं के आगमन व प्रस्थान का मार्ग पृथक-पृथक रखने, झांकियों में पर्याप्त आगमन एवं निर्गम व्दार रखने, सांस्कृतिक कार्यक्रम की सूचना 1 दिन पहले संबंधित थाना व चौकी को दिये जाने का निर्देश दिया गया।

### तय किए गए नदी व तालाबों में हो विसर्जन

बैठक में यह भी कहा गया कि किसी व्यक्ति विशेष, समुदाय, जाति, धर्म की भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विसर्जन के लिए तय किए गए नदी, तालाबों में ही तिथि व समय अनुसार विसर्जन किया जाए। इस दौरान आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्वक नवरात्रि का पर्व मनाये जाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी मुकेश रावटे, सीसपी दुर्ग मणीशंकर चन्द्रा, सीएसपी भिलाई नगर विश्वदीपक त्रिपाठी, डीएसपी अजय कुमार सिंह, तहसीलदार ख्याति नेताम सहित सभी थानों के प्रभारी उपस्थित रहे।

## खास-खबर

### जंगल में लगा रखी थी अवैध शराब भट्ठी, आबकारी अमले ने नष्ट किया

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (ए)।** विधानसभा चुनाव के संदर्भ में आचार संहिता लगने के बाद कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई के दिये गये निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है।

वृत्त सारंगढ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक विकास पाल सांडे को मुखबिर से सूचना मिली की लात नदी के किनारे गुड़ेली के जंगल में भारी मात्रा में अवैध शराब बनाई जा रही है। सूचना मिलते ही आबकारी अमला नाव से नदी पार कर जंगल पहुंचा जहां दस लीटर क्षमता वाली 9 पॉलीथिन में भरी हुई 90 लीटर महुआ शराब, 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाल्टी में भरी हुई 15 लीटर महुआ शराब और प्लास्टिक बोरी के अंदर ब्लाडरनुमा पॉलीथिन में भरी हुई 20 लीटर महुआ शराब समेत कुल 125 लीटर महुआ शराब (कीमत 25000 रुपए) और 40 प्लास्टिक बोरियों में से प्रत्येक में 25-25 किलोग्राम महुआ लाहन समेत कुल 1000 किलोग्राम महुआ लाहन ( कीमत 50000 रुपए) बरामद हुआ, इसके साथ ही अवैध शराब निर्माण की सामग्री भी जप्त की गई।

### गोदाम से लोहा उड़ाकर सरोरा में छिपे थे छह चोर, पुलिस ने सभी को पकड़ा

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर से सटे तिल्दा नेवरा इलाके के सरोरा गांव स्थित जगदंबा प्लास्टीक गोदाम में दो दिन पहले धावा बोलकर वहां से लोहे का सामान उड़ाने वाले छह चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया सारा सामान बरामद कर लिया है।

तिल्दा नेवरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11-12 अक्टूबर की दरम्यानी रात में सरोरा स्थित जगदंबा प्लास्टोकम गोदाम का दीवार फांदकर भीतर घुसे चोरों ने वहां से लोहे का सात चैनल, चार छोटा टुकडा, एक लोहे का गार्डर, चार लोहे का एंगल आदि पार कर दिया था। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान छह संदिग्ध व्यक्ति ग्राम सरोरा के कोलम्मा डबरी तालाब के पास लुक छिपकर बैठे मिले। पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे, जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ करने गोदाम से लोहा चुराना कबूल किया। पकड़े गए चोरों ने डबरी तालाब के पास मेढ़ के नीचे झाड़ी में छिपाकर रखा सारा सामान निकाल कर पुलिस को सौंपा।

## पुराने विवाद में युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, अस्पताल में मौत एक आरोपी गिरफ्तार






श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** शहर में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। शातिर बदमाश अपने एक साथी के साथ दवाई लेने गए युवक को नहर पुल की ओर ले गया, जहां किसी बात को लेकर हुए विवाद पर युवक के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया। घटना में गंभीर युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र में रात करीब 12:30 बजे घटित हुई। बताया जा रहा है कि भैंस खटाल निवासी शुभम साहू दवाई लेने गया था, जहां उसकी मुलाकात ढोढ़ीपारा में रहने वाले रिक्की यादव और प्रभाकर से हुई। दोनों बदमाश शुभम को अपने साथ बस्ती के समीप ही स्थित नहर पुल की ओर ले गए। जहां किसी बात को लेकर हुए विवाद पर रिक्की और प्रभाकर ने शुभम के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से भाग निकले। इसकी जानकारी बस्तीवासियों ने पुलिस को दी। पुलिस चौकी प्रभारी नवीन पटेल अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। जहां युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने प्रभाकर को दबोच लिया। पुलिस फरार आरोपी रिक्की की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## जेठ ने किया महिला पर जानलेवा हमला गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के अंडा थाना क्षेत्र में रविवार को यहां की एक महिला पर जानलेवा हमला हुआ। हमला करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका जेठ ही था जिसने पुरानी रंजिश में महिला की हत्या करने के इरादे से उस पर हमला किया। जेठ ने महिला पर धारदार हथियार से वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मकान मालिक की मदद से महिला को जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

अंडा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है। गांधी भाठा ग्राम अण्डा निवासी राखी देशलहरे यहां सुनील देवांगन के मकान में पति महेन्द्र देशलहरे के साथ किराए में रहती है। पति हार्डवेयर दुकान में काम करता है। रविवार सुबह पति के काम पर जाने के बाद महिला घर पर अकेली थी। शाम करीब 4 बजे महिला का जेठ केशव राम देशलहरे घर पर आया और जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार हथियार से वार कर दिया। इस दौरान महिला चिल्लाने लगी तो मकान मालिक सुनील देवांगन बीच बचाव करने आया।


तब तक महिला का जेठ केशव राम ने कई वार किए और वहां से फरार हो गया। धारदार हथियार के वार से महिला बेसुद होकर गिर गई। महिला के शरीर, सिर, सीना, दोनो हाथ, कलाई, एवं उंगलियो मे एवं बाये पैर के घुटना पीठ मे चोट आई है। मकान मालिक सुनील देवांगन ने डायल 112 को कॉल किया और एंबुलेंस आने पर महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में महिला का बयान लेने के बाद अंडा पुलिस ने आरोपी केशव देशलहरा के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

## मंदिर परिसर में खुद पर आग लगाकर कुंड में कूद गया होटल कर्मी

**बिलासपुर (ए)।** रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर परिसर स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति ने खुद पर आग लगा ली। इसके बाद वह मंदिर के पास स्थित कुंड में कूद गया। इधर मंदिर के आसपास मौजूद लोग घटना को देखकर सकते में आ गए। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इस पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने कुंड में तलाशी अभियान चलाकर अधेड़ के शव को निकाल लिया है। मृतक की पहचान कर ली गई है। फिलहाल उसके स्वजन की जानकारी नहीं मिल पाई है।

## सेक्टर-9 अस्पताल की नर्स के घर लाखों की चोरी

### दिन दहाड़े घुसे चोर, दूसरे कमरे में छिपी रही नर्स




**भिलाई।** शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि दिन दहाड़े सेंधमारी करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। रविवार को विनोभा नगर चरोदा के एक मकान में मकान मालकिन के घर रहते समय ही चोरी हो गई। घर पर अकेली महिला टीवी देखते-देखते सो गई और इस दौरान चोर घर में घुसे। जब चोरों की आहट हुई तो महिला ने देखा भी और डर के मारे दूसरे कमरे में छिप गई। जब चोर चले गए तो महिला ने अपनी सास को फोन लगाया और बेडरूम में जाकर देखा तो अलमारी से लाखों के जेवर पार हो गए। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार विनोभा नगर चरोदा काली मंदिर के पास रहने वाली 25 वर्षीय कंचन पाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह सेक्टर-9 मेन अस्पताल में अटेंडेंट नर्स के पद पर काम करती है। रविवार को अवकाश होने से वह घर पर ही थी। उनके पति पति ऋषभ पाल, ससुर चंद्रभान पाल, सास शकुंतला पाल अपने अपने काम पर चले गये। इस दौरान कंचन पाल हॉल में टीवी देखते-देखते सो गई।

दोपहर करीब 1.30 बजे कंचन पाल को उसके बेडरूम से खटपट की आवाज सुनाई दी। कमरे में उसने झांककर देखा तो दो अज्ञात व्यक्ति आलमारी के लाकर को खोलकर सोने चांदी के जेवरात चोरी कर रहे थे। चोरों को देख कंचनपाल डर गई और बगल वाले कमरे में घुसकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद घटना की जानकारी अपनी सास को मोबाइल पर दी। जब उसकी सास घर पहुंची तो वह कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर निकली। कमरे में जाकर देखा तो आलमारी का लाकर खुला था और अज्ञात चोरों ने 1 नग सोने का नेकलेस 18 ग्राम, दो जोड़ी सोने का कान का लकटन 14 ग्राम, दो जोड़ी चांदी का बिछिया पुरानी इस्तेमाली चोरी कर ले गए। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ब्राउन शुगर बेचते दो बदमाश पकड़ाए, बाइक पर घूम-घूमकर कर रहे थे नशे का कारोबार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नशे के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में सुपेला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सुपेला पुलिस ने दो बदमाशों को ब्राउन शुगर बेचते रंगे हाथों पकड़ा है। दोनों बाइक पर घूम-घूमकर नशे का कारोबार कर रहे थे। पुलिस ने महिन्द्रा शोरूम के पास दोनों को पकड़ा। आरोपियों के पास से पुलिस ने 14 ग्राम 22 मिलीग्राम 128 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। साथ में पुलिस ने आरोपियों के पास से 1850 रुपए नगद व होण्डा शाईन वाहन भी बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 21 (ब) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से ब्राउन शुगर ब्रिक्री की शिकायतें मिल रही थी। बीच-बीच में ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया। इसी कड़ी में सुपेला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुधीर एक्स-रे गली महेन्द्र शो रूम सुपेला के पास 02 व्यक्ति एक होण्डा शाईन मोटर सायकल में मादक पदार्थ ब्राउन शुगर युवाओं को बेच रहे हैं। सूचना पर सुधीर एक्स-रे गली महेन्द्र शो रूम सुपेला के आस-पास घेराबंदी कर श्याम सिंह उर्फ बाबा एवं सूरज अग्रवाल को पकड़ा गया।

आरोपियों के कब्जे से 128 नग पूड़िया में 14 ग्राम 22 मिलीग्राम ब्राउन शुगर कीमती करीबन 1 लाख 40 हजार रुपए व नगदी रकम 1850 रुपए के साथ घटना में प्रयुक्त एक होण्डा शाईन मोटर सायकल कीमती लगभग 80,000 बरामद किया। पुलिस ने कुल 2 लाख 21,850 रुपए का सामान बरामद किया। आरोपियों के विरूद्ध थाना सुपेला पुलिस द्वारा धारा 21 (ब) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई में एसीसीयू से एएसआई राजेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह, कपिल यादव, शिव तिवारी, आरक्षक शोभित सिन्हा, बालमुकुंद साहू, चित्रसेन साहू, जगजीत सिंह, तिलेश्वर राठौर, केशव साहू, नरेन्द्र सहारे, शौकत हयात, खुर्रम बक्स, सनत भारती व थाना सुपेला से उप निरीक्षक मनीष बाजपेयी, प्रधान आरक्षक अमर सिंह, आरक्षक जुनैद सिद्धिकी, विवेक सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद ने की चुनाव तारीख बदलने की मांग

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने मुख्य चुनाव आयुक्त नईदिल्ली और राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त से छत्तीसगढ़ में होने वाले द्वितीय चरण के चुनाव तारीख (17 नवंबर) को बदलने की मांग की है। 17 नवंबर से आस्था का महापर्व छठ का शुभारंभ हो रहा है उस नहाय खाय हैं। श्री बैठा ने लिखा है की छत्तीसगढ़ में बहुतायत संख्या में उत्तर भारतीय खासतौर से भोजपुरी समाज के लोग छत्तिसगढ़ में निवास करते है जो कि सभी विधान सभाओं में हार जीत का निर्णय तय करते है, सदियों से आस्था का छठ महापर्व का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाते आ रहे हैं जिस दिन चुनाव होने की घोषणा की गई है पूरा भोजपुरिया समाज अपने आप को चुनाव में भागीदार होने से अपने आप को वंचित महसूस कर रहा है। चुनाव में एक-एक वोट की कीमत होती है जिसको ध्यान में रखते हुए हम सभी छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद के प्रदेश के समस्त सदस्य आपसे निवेदन करते हैं कि इस तिथि को 17 नवंबर के पहले या 20 नवंबर के बाद की तारीख तय की जाए ताकि सभी लोग वोट दे सकें इसके लिए समस्त छत्तीसगढ़ के भोजपुरिया समाज आपका आभारी रहेगा।

### विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदान दलों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदान दलों (पीठासीन अधिकारी/मतदान अधि-1, 2, 3) का प्रथम प्रशिक्षण 19 एवं 20 अक्टूबर 2023 को बी.आई.टी. दुर्ग में आयोजित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण में स्वयं का मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं मतदान दल को ड्यूटी आर्डर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लेकर आने कहा गया है। इसके अतिरिक्त 04 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची में नाम अंकित हो उसका भाग संख्या एवं सरल क्रमांक की जानकारी वेबसाईट- voters.eci.gov.in Voter Helpline App (Mobile App) से प्राप्त कर उपस्थित होना अनिवार्य है। मतदान दल को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने निर्देशित किया गया है ताकि डाक मतपत्र जारी किया जा सके।

### भाजपा दुर्ग शहर विधानसभा केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा केंद्रीय कार्यालय गंजपारा में स्थित अनूपचंद त्रिलोकचंद ज्वेलर्स के सामने स्थित भवन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता चैन सूख भट्टर के द्वारा फिता काटकर किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर विधानसभा प्रत्याशी गजेंद्र यादव संभाग प्रभारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, केंद्रीय चुनाव संभाग प्रभारी रविंद्र राय, शहर विधानसभा प्रभारी गुजरात विधायक उदय कांगड़, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा विधानसभा संयोजक कांतिलाल बोथरा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक विधानसभा सहसंयोजक एवं उप जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात दुर्ग शहर विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

# नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ने किया आकस्मिक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नव पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) द्वारा थाना दुर्ग, पुलगांव, पदमनाभपुर एवम चौकी अंजोरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। थाने में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को विधानसभा चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। साथ ही नवरात्र पर्व में गुजरने वाले पैदल यात्रियों का सुरक्षित आवागमन हेतु शिवनाथ नदी मार्ग पहुंचकर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा पदयात्रियों के सुरक्षित आवागमन हेतु यातायात हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। दिनांक 15.10.2023 को नव पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) द्वारा दुर्ग अनविभाग के थाना कोतवाली दुर्ग, पुलगांव पदमनाभपुर एवं चौकी अंजोरा का आकस्मिक किया गया। उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर आने वाले विधानसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा कर महत्वपूर्ण बिंदुओं में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, चुनाव कार्य तथा चुनाव संबंधी जारी दिशा निर्देशों का पालन के संबंध में आवश्यक बातो भी बताई गई। सभी अधिकारियों कर्मचारियों की समस्या और सुझाव भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा सुनी गई। आकस्मिक निरीक्षण के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा शिवनाथ नदी ब्रिज पहुंचकर आज से शुरू होने वाली नवरात्र में डोंगरगढ़ जाने वाले पद यात्रियों की कुशल एवं सुरक्षित यात्रा के लिए श्री मणि शंकर चंद्रा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग, थाना पुलगांव एवं चौकी अंजोरा के प्रभारी को बुलाकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के लिए किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो एवं रात में यात्रा करने वाले पद यात्रियों के लिए किसी अनहोनी नहीं होने के संबध में ठोस कदम उठाने की बात कही गई। रात्रि के समय हाईवे में हाईवे पेट्रोलिंग की वहां तनात करने एवम किसी भी प्रकार के किसी भी पद यात्रियों को दिक्कत होने पर यातायात हेल्पलाइन नंबर 94791-92029 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा जारी किया गया।

## श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा इंटरपर्सनल कम्प्यूनिकेशन स्कील पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अतिथि वक्ता कलकत्ता से पधारी प्रोफेसर शारबही शाह थी। जिन्होंने बहुत ही रोचक ढंग से वाणिज्य एवं प्रबंधन के विद्यार्थियों को अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि अपने मन की बात को सामने वाले के समक्ष कैसे प्रस्तुत किया जाए ताकि उससे अपनी बात मनवाई जा सके। यह एक बहुत बड़ी कला है। जिसका ज्ञान सभी विद्यार्थियों को होना चाहिए। उन्होंने ने अपने प्रस्तुतिकरण को बेहतर बनाने के तरीके सिखाए।

कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. अर्चना झा के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कम्प्यूनिकेशन स्कील पर आयोजित इस अतिथि व्याख्यान से हमारे विद्यार्थी निसंदेह लाभांवित होंगे। अकादमिक डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग द्वारा समय-समय पर अतिथि व्याख्यान कार्यशाला, संगोष्ठी आदि का आयोजन कर शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाता है ताकि वे यथाशीघ्र स्वावलंबी बन सके। कार्यक्रम का संचालन बी.कॉम अंतिम की छात्रा प्रज्ञा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता पाण्डेय ने किया।

## दुर्ग के सिपाही ने हरियाणा में लहराया परचम, पंजा-कुश्ती में जीता कांस्य पदक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के सिपाही ने हरियाणा में परचम लहराया। 72वी ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर 2013 का मुकाबला हरियाणा की करनाल में हुआ। 4 से 8 अक्टूबर को आयोजित हुए इस रेसलिंग आयोजन में दुर्ग पुलिस के विवेक कुमार पोद्दार ने आर्म रैसलिंग में 65 केजी की कैटेगरी में ब्रोंज जीतकर प्रदेश और दुर्ग शहर का नाम रोशन किया।

विवेक इससे पहले भी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीत हासिल कर चुके हैं और कई अवॉर्ड जीत कर प्रदेश का नाम बढ़ा चुके हैं। आर्म रेसलिंग धीरे धीरे अब खेल की दुनिया में बहुचर्चित गेम बन चुका है।

हरियाणा में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में ढ्ढक्क कुलविंदर सिंह हरियाणा और आर्गनाइजेशन के चेयरमैन शत्रुजीत कपूर मौजूद रहे। विवेक की उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ पंजा कुश्ती संघ सहित अन्य खेल संघों ने उन्हें बधाई दी है।

## नवरात्र के पहले दिन महिलाओं ने लिया मतदान का संकल्प, 100 फीसदी मतदान की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए भिलाई निगम द्वारा शुरू किया गया नवरात्र मे नौ संकल्प के प्रथम दिवस शाक्ति स्वरूपा महिलाएं मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल हुई। 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके युवा महिला मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। निगम क्षेत्र के नागरिकों को आगामी चुनाव में भय व लोभ से मुक्त होकर निष्पक्ष मतदान करने नवरात्रि के प्रथम दिन संकल्प दिलाया गया।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर महिलाओं को अधिकाधिक मतदान करने की अपील किए साथ ही अपने परिवार और रिश्तेदारों को मतदान को अपना नैतिक कर्तव्य बताते हुए मतदान करने जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। एनयूएलएम के मिशन मैनेजर अमन पटले ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए दुर्ग जिले में 17 नवंबर को मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि सौ फीसदी मतदान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय तथा आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर रविवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं ने निगम क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर जाकर महिलाओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने जागरूक किए । इस दौरान महिलाएं अपने मतदाता परिचय पत्र को हाथो में लेकर हर एक वोट की भूमिका और महत्व को समझाते हुए मतदान में हिस्सा लेने का संकल्प लिए ।

## लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु स्वीप म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार 14 अक्टूबर को महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं तथा शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी-वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु स्वीप म्युज़िकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम मे मतदाता जागरुकता स्लोगन एवं मतदान गीत के द्वारा छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया तथा लोगों से आग्रह किया कि सभी अपने मतों का प्रयोग करें तथा देश के विकास मे भागीदार बने। इस प्रतियोगिता मे जो छात्र-छात्रा म्युज़िकल चेयर बाहर से होते जा रहे थे, वो विभिन्न भाषाओं मे मतदाता जागरुकता संबंधी स्लोगन का पठन करते थेऔर बाकी विद्यार्थी के द्वारा स्लोगन को दोहराया जाता था । इस स्वीप म्युजिकल चेयर मे कुल 206 विधार्थियों ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान उर्वशी जंघेल, द्वितीय स्थान कमलेश कुमार कोर्राम तथा तृतीय स्थान पर अनुभा शर्मा रही।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव, आई.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ राहुल मेने, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र शर्मा, कविता कुशवाहा, डॉ लक्ष्मी वर्मा, राजकिशोर पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक वर्ग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारी की चैतन्य देवियों की झांकी 18 से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शरदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सेक्टर 7 स्तिथ राजयोग भवन, सड़क 2 में दिनांक 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक ध्वनि एवं प्रकाश के सुंदर समायोजन द्वारा देवियों की चैतन्य झाँकी सजायी जा रही है। इसमें भक्तजन प्रतिदिन शाम को 06:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों का दर्शन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी बहनें जब चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो वह सजीव होते हुए भी अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं। राजयोग की सतत् साधना और गहन तपस्या के फ्लस्वरूप मन की एकाग्रता एवं शारीरिक स्थिरता को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। कुछ पल उस वातावरण में बैठने से दर्शकों को उनके द्वारा प्रवाहित शान्ति और शक्ति के प्रकम्पनों की अलौकिक अनुभूति होती है। इस अवसर पर जीवन में सच्ची सुख और शान्ति का अनुभव करने के लिए खुशी हर पल दस दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन 25 अक्टूबर से किया गया है। भाग लेने के लिए सुबह 7 से 8 अथवा शाम को 7 से 8 बजे में से किसी भी एक सत्र में भाग लेकर लाभ उठाया जा सकता है।

# सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में कलाकारों ने शुरू किया टाक शो

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे कलाकारो ने शुरू किया टाक शो। जिसमे प्रति सप्ताह रविवार को विभिन्न विद्या के प्रसिद्ध कलाकारो के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा होगी। इस कड़ी में पहली बार संयंत्र के वरिष्ठ और सुप्रसिद्ध चित्रकार हरीसेन की चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई और उस पर चर्चा हुई। खैरागढ से आए नवागंतुक कलाकारो संग हरीसेन ने अपने अनुभव साझा किए।



चित्रकार हरीसेन ने इस दौरान अपने अमूर्त कला के विशिष्ट शैली से दर्शक वर्ग को रूबरू कराया और कला में आंतरिक आनंद को सर्वोपरि बताया।

टाक शो का संचालन करते हुए साहित्यकार मेनका वर्मा ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आए कलाकार और स्थानीय दर्शकों को उनका जीवन परिचय करवाया।

तथा महानगरीय स्तर के इस शो को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भिलाई के लिए प्रासंगिक बताया। ज्ञात हो कि भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना के मद्देनजर देश विदेश मे फैले तमाम कलाकारो मे खुशी की लहर व्याप्त है। देश की आजादी के बाद से आज तक 1954 में भारत मे सिर्फ7 सेन्टर बनाए गए हैं और यदि भिलाई मे बनता है तो यह आठवां होगा। छत्तीसगढ़ी कलाजगत के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि होगी।

यही वजह है कि कला के समस्त जानकार लामबंद हो रहे हैं और भिलाई इस्पात संयंत्र को धन्यवाद दे रहे हैं। जिससे यहां के कलाकारो को दूसरे राज्यों में भटकना नही पड़ेगा। टाक शो के दौरान खैरागढ से पासआऊट होकर दुबई, कतर, अमेरिका में रह रहे अनेक कलाकारो ने भी इस आयोजन के लिए बधाई दी है।

इस दौरान मशहूर मूर्तिकार मोहन बराल, डाक्टर सोनाली चक्रवर्ती, विजय शर्मा, कोडागांव से मीना देवांगन, खैरागढ से डाक्टर मनिंदर सिंह, सारिका गोस्वामी, धीरज साहू, भिलाई से रोशन साहब गोस्वामी, प्रशांत क्षीरसागर, संतोष पराशर, प्रवीण कालमेघ, अंकुश देवांगन तथा बड़ी संख्या में दर्शकवर्ग उपस्थित थे।

## रामेश्वरी ने भुंजिया व कमार आदिवासियों में प्रचलित लोक नृत्यों की ली जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भारत सरकार संस्कृति विभाग के सांस्कृतिक ,शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा सीनियर फेलोशिप अवार्डी रामेश्वरी ने अपने संग्रहण हेतु चौथे चरण में गरियाबंद जिले के भुँजिया और कमार जनजाति बहुल ग्राम कोपेकसा और ढुनढुनीपानी, बीजापानी ,पीपरछेड़ी रूवाड़ समेत लगभग 8 ग्रामों में जाकर उनकी लुप्तप्राय नृत्यशैली और आजीविका के संसाधनों की विस्तृत जानकारी अर्जित की। ग्राम के प्रमुख ग्वालसिंह शोरी सामाजिक राजा रितोराम पुजेरी ,बीजापानी गांव के परशुराम नेताम और ढुनढुनीपानी गांव के सुखराम ने अतिथि आगमन पर पांव पखारने से लेकर वहां के आदिवासियों की पारंपरिक लोक नृत्यशैली , लोक वाद्ययंत्रों ,भोजन कक्ष की पवित्रता संबंधी विस्तृत जानकारी दी ।जन्म, विवाह और मृत्यु संस्कार से संबंधित मान्यताओं से भी अवगत कराया। इस दौरान रामेश्वरी ने प्रायोगिक रूप से भुँजिया एवं कमार लोकनृत्य और लोकगीतों की जानकारी ली तथा सहभागिता पद्धति से साथ में समूह नृत्य कर लुप्तप्राय नृत्य विधाओं का बारीकी से अध्ययन किया ।इसके पूर्व वे पहले ,दूसरे तथा तीसरे चरण में क्रमशः बस्तर ,कवर्धा व सरगुजा के दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर विशेष संग्रहण का कार्य कर चुकी हैं ।लोकनृत्यदल में लोकनृत्य दल में लीलेश्वरी नेताम,मधु ,करुणा, कारीबाई, अनीता बाई ,बेद बाई ,पीला बाई,फूलबाई,सुकारो बाई ,फूलवती, देवंतीन,कमलाबाई ,बिसनी बाई शोरी, करणी बाई ,धोबीराम अतरू राम ,माहरिन बाई,सुखबती आदि शामिल थे ।संग्रहण दल में विशेषज्ञ के रूप में ज्ञानेश तिवारी,सुरेखा तिवारी, मोहित मोंगरे एवं लता मोंगरे मौजूद थे। संग्रहण दल में प्रमुख रूप से पुन्नू यादव ,तरुण निषाद, सहदेव देशमुख ,संतमणि कौशल ,राकेश देशमुख और शैलेंद्र चंद्रवंशी सहभागी रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950